डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2024-2026
लाइसेंस क्र. Tech/23-04/08/2024-2026
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

प्रति सेमेयर का प्रकाशित, भोपाल 17.06.2024 से 23.06.2024 | वर्ष-41 | अंक-25 | मूल्य ₹ 10.00

संक्षिप्त खबर

23 जून को बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की दवा

भोपाल, मध्यप्रदेश वर्ष 2008 से पोलियो मुक्त है। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने प्रदेश के नागरिकों, अभिभावकों से अपील की है कि नौनिहालों की सुरक्षा में कोई चूक न होने दें, बच्चों को दो बूंद जिंदगी की अवश्य पिलायें। उल्लेखनीय है कि बच्चों को डबल सुरक्षा देने के लिए 23 जून 2024 को समस्त जिलों में 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो दवाई पिलाई जाएगी।

उपचुनाव के लिए नाम निर्देशन पत्र 21 तक होंगे जमा

भोपाल, छिंदवाड़ा जिले की अमरवाड़ा विधानसभा में उपचुनाव के लिए नाम निर्देशन पत्र भरे जाने की प्रक्रिया 14 जून से शुरू हुई। 21 जून तक नाम निर्देशन पत्र भरे जाएंगे । नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 24 जून को की जायेगी। 26 जून नाम वापसी की अंतिम तारीख रहेगी। मतदान 10 जुलाई को और मतगणना 13 जुलाई को होगी।

श्री द्विवेदी को थल सेना प्रमुख बनने पर मुख्यमंत्री ने दी बधाई

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश के प्रतिभावान सैन्य अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल श्री उपेंद्र द्विवेदी को थल सेना का प्रमुख नियुक्त होने पर हार्दिक बधाई और मंगलकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सहित सम्पूर्ण देश के लिए यह गौरवमयी क्षण है। श्री द्विवेदी सैनिक स्कूल रीवा में पढ़े हैं और गत चार दशक में अनेक अहम दायित्व संभाल चुके हैं।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में 11 सदस्यीय मंत्रिमंडलीय समिति गठित

भोपाल, सिंहस्थ 2028 के लिये विभिन्न विभागों द्वारा किये जाने वाले कार्यों के लिये राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में 11 सदस्यीय मंत्री मंडलीय समिति गठित की गई है। समिति सिंहस्थ-2028 के अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा संपन्न कराये गये कार्यों की समीक्षा, कार्योत्तर स्वीकृति, अतिरिक्त राशि आवंटन के प्रस्ताव आदि पर निर्णय लेगी।

ग्लोबल स्किल पार्क में जुलाई से 4 कोर्स होंगे शुरू

भोपाल, संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क में जुलाई माह से महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम शुरू हो रहे हैं। पार्क में एडवांस ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी, एडवांस मेकेनिकल टेक्नोलॉजी, एडवांस मेकेट्रॉनिक्स और एडवांस मेकेनिकल एण्ड इलेक्ट्रिकल सर्विसेस से जुड़े 4 महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम शुरू होंगे।

भीतर के पृष्ठों पर

- **पिछला सप्ताह** - देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण
- **चर्चा में** - चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **खेल चर्चा** - प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी** - देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हरी झंडी दिखाकर किया वायु सेवा का शुभारंभ

'पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा' से विकास को मिलेगा नया आयाम

भोपाल, यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को समर्पित 'पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा' से प्रदेश में पर्यटन के साथ-साथ उद्योग, व्यापार, शिक्षा और चिकित्सा क्षेत्र को भी लाभ होगा। प्रदेश में बढ़ रही एयर कनेक्टिविटी की सौगात सभी सेक्टरों को मिलेगी और प्रदेश के विकास को नये आयाम मिलेंगे। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा के शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए कही। 'पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा' में प्रदेश के 8 शहरों भोपाल, इंदौर, जबलपुर, रीवा, उज्जैन, ग्वालियर, सिंगरौली और खजुराहो को हवाई सेवा से जोड़ा जा रहा है।

हमारा प्रदेश कई देशों से बड़ा है

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश का भौगोलिक क्षेत्र यूरोप के कई देशों से अधिक है, जनसंख्या की दृष्टि से भी हमारा प्रदेश कई देशों से बड़ा है। इस परिप्रेक्ष्य में प्रदेश में आरंभ हो रही विमान सेवा से परंपरागत रूप से यात्रा में सड़क और रेल मार्ग से लगने वाले समय में बहुत कमी आएगी। उन्होंने कहा कि रीवा-सिंगरौली क्षेत्र से आवागमन सुगम होगा साथ ही समय भी कम लगेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में हवाई यातायात के अंतर्गत तीन प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रदेश में सभी प्रमुख स्थलों पर एयर एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा के यात्रियों को बोर्डिंग पास वितरित किए

यात्रियों को प्रदान किए बोर्डिंग पास

मुख्यमंत्री ने भोपाल से जबलपुर रीवा सिंगरौली के लिए प्रस्थान कर रहे विमान के यात्रियों सर्व श्री धर्मेंद्र दुबे, दिव्यराज सिंह, कुलदीप, नदीम खान तथा मनोज श्रीवास्तव को बोर्डिंग पास प्रदान किया।

एयरपोर्ट पर बनाए गए बुकिंग काउंटर

वायु सेवा की बुकिंग के लिए इंदौर, भोपाल एवं जबलपुर के एयरपोर्ट पर बुकिंग काउंटर स्थापित किये जा चुके हैं।

हेलीकॉप्टर पायलट ट्रेनिंग स्कूल खजुराहो में

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के सहयोग से देश का पहला हेलीकॉप्टर पायलट ट्रेनिंग स्कूल खजुराहो में आरंभ किया गया है। राज्य सरकार का प्रयास होगा कि जहां-जहां हवाई पट्टियां हैं, वहां-वहां पायलट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, निकटवर्ती विश्वविद्यालय के माध्यम से डिग्री और डिप्लोमा जारी करें। इस पहल से प्रदेश में रोज़गारपरक शिक्षा को प्रोत्साहन मिलेगा और निवेश भी आकर्षित होगा। संपूर्ण विश्व के लोगों के लिए मध्यप्रदेश आकर्षण का केंद्र बन रहा है। वायु सेवा से संपूर्ण प्रदेश में आवागमन सरल होगा। ओंकारेश्वर और महाकालेश्वर दोनों ज्योतिर्लिंगों को वायु सेवा से जोड़ने का भी प्रयास किया जा रहा है। प्रयास है कि इंदौर अथवा भोपाल से कम समय में दोनों ज्योतिर्लिंगों के दर्शन हो सकें। ओरछा, सलकनपुर, कटनी तथा दतिया जैसे धार्मिक स्थलों को भी एयर कनेक्टिविटी से जोड़ा जाएगा।

पुस्तकालयों को भारतीय ज्ञान परम्परा से जुड़े साहित्य से करें समृद्ध

भोपाल, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने कहा कि विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों में पुस्तकालयों को भारतीय ज्ञान परम्परा की पुस्तकों से समृद्ध किया जायेगा। उच्च शिक्षा विभाग की 'भारतीय ज्ञान परम्परा शीर्ष समिति'की बैठक को संबोधित करते हुए श्री परमार ने भारतीय ज्ञान परम्परा के विविध संदर्भों में आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में पाठ्यक्रमों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसरण में 'भारतीय ज्ञान परम्परा' के समावेश के लिए विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में कार्यशालाओं का आयोजन कर विषयविदों की सारगर्भित निष्कर्षगामी सार्थक सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

समयपूर्वक हो साहित्य सामग्री का संकलन

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप एवं 'भारतीय ज्ञान परम्परा'से जुड़े साहित्य को प्रदेश के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के पुस्तकालयों में उपलब्ध किया जाना सुनिश्चित करें। श्री परमार ने आगामी कार्यशालाओं में शीर्ष समिति के सदस्यों को जुड़कर सार्थक सहभागिता करने को कहा। उन्होंने कहा कि कार्यशालाओं में विषयविद् पूर्णरूपेण उपस्थित रहें ताकि पुस्तक लेखन के लिए समयपूर्वक साहित्य सामग्री संकलन हो सके। उन्होंने कहा कि भारतीय समाज में स्थापित मान्यता एवं परम्परा वैज्ञानिक दृष्टिकोण केंद्रित एवं जीवनोपयोगी है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के 27 विश्वविद्यालयों में 20 जून से 31 जुलाई तक भारतीय ज्ञान परम्परा के विविध संदर्भों में कार्यशालाओं का आयोजन होगा।

प्रदेश के दो सीएम राइज़ स्कूल वर्ल्ड बेस्ट स्कूल पुरस्कारों के टॉप 10 में

भोपाल, मध्यप्रदेश के दो सीएम राइज़ स्कूलों को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ 10 स्कूलों में चुना गया है। अंतर्राष्ट्रीय संस्थाएं 'टी-4 एज्युकेशन' द्वारा घोषित परिणामों के अनुसार सीएम राइज़ विनोबा स्कूल, रतलाम को 'इनोवेशन' श्रेणी में तथा सीएम राइज़ मॉडल उच्चतर माध्यमिक स्कूल, झाबुआ को 'सपोर्टिंग हेल्दी लाइफ्स' श्रेणी में चयनित किया गया है। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने स्कूलों के शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों के साथ ही विभाग की समूची टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि आज हमारा राज्य वैश्विक मंच पर चमक रहा है। यह हम सभी के लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि यह स्कूल सीएम राइज़ स्कूल योजना का हिस्सा हैं, जो प्रदेश सरकार का एक दूरदर्शी कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य हमारे सरकारी स्कूलों को उत्कृष्टता के केंद्रों में लाना है, जो नवाचारी अभ्यासों और मजबूत सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करते हैं। ये उपलब्धियां हमारे शिक्षकों, स्कूल लीडर्स, छात्रों और पूरे समुदाय के अद्भुत समर्पण और प्रयास को दर्शाती हैं।

आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना में अब 1 हजार 952 प्रक्रियाएं शामिल

भोपाल, आयुष्मान भारत निरामयम योजना में हेल्थ बेनिफिट पैकेज-2022 में नवीन उच्च स्तरीय प्रक्रियाओं और दवाओं को शामिल किया गया है। नए पैकेज के लागू होने से न केवल लाभार्थियों को अधिक सुलभ और प्रभावी चिकित्सा सेवाएं मिलेंगी, बल्कि चिकित्सालयों की क्षमता और गुणवत्ता में भी सुधार होगा, जिससे सम्पूर्ण स्वास्थ्य प्रणाली को लाभ पहुंचेगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी आयुष्मान भारत योजना श्रीमती अदिति गर्ग ने बताया कि नवीन हेल्थ पैकेज को शीघ्र ही योजना अंतर्गत सम्बद्ध चिकित्सालयों के लिए खोला जाएगा।

1952 प्रक्रियाओं को जोड़ा गया

नये हेल्थ बेनिफिट पैकेज-2022 में कुल 1952 प्रक्रियाओं को जोड़ा गया है, जो पहले 1670 थी। नए पैकेज में विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य सेवाओं और चिकित्सा प्रक्रियाओं को शामिल किया गया है, जिससे लाभार्थियों को पहले से ज्यादा व्यापक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। इनमें रिकॉम्बिनेंट टिशू प्लास्मिनोजेन एक्टिवेटर, टेनेक्टेप्लेस, लिपोसोमल एम्फोटेरिसिन, IV इम्यूनोग्लोबिन्स दवाएं शामिल हैं। ये दवाएं गंभीर और जटिल बीमारियों के इलाज में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

मातृ एवं शिशु सुरक्षा के लिए नवीन प्रक्रियाएं

आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत ग्रामीण स्तर तक अब उपचार संभव होगा। उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था के लिए कैसरियन हिस्टेरेक्टॉमी और फटे हुए पेट का बंद करना जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रियाएं पैकेज में शामिल की गई हैं। ये प्रक्रियाएं विशेष रूप से जटिल परिस्थितियों में माताओं और शिशुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करती हैं। योजना अंतर्गत निःशुल्क और उच्च गुणवत्ता वाली इन नवीन चिकित्सा सुविधाओं से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी आएगी।

यह आधुनिक उपचार भी जुड़े

महत्वपूर्ण उच्च स्तरीय प्रक्रियाएं यूएसजी और सीटी गाइडेड पर्क्यूटेनियस रेडियोफ्रीक्वेंसी एब्लेशन यूएसजी और सीटी गाइडेड पर्क्यूटेनियस माइक्रोवेव एब्लेशन नये पैकेज में शामिल हैं। इन प्रक्रियाओं में उच्च गुणवत्ता वाले इम्प्लांट्स जैसे आरएफ प्रोब और माइक्रोवेव एंटेना शामिल हैं। नवीन पैकेज में उन्नत चिकित्सा तकनीकों इंटरवेंशनल न्यूरो रेडियोलोजी और बोन मेरो ट्रांसप्लांट जैसी आधुनिक उपचार पद्धति को जोड़ा गया है।

8 जून

नेपाल ने 11 देशों से वापस बुलाए अपने राजदूत

● नेपाल सरकार ने बड़ा राजनीतिक कदम उठाते हुए भारत और अमेरिका सहित 11

देशों से अपने राजदूत वापस बुला लिए हैं। इनमें नेपाली कांग्रेस पार्टी के कोटा के तहत नियुक्त राजदूत भी शामिल हैं। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने यह निर्णय नेपाली कांग्रेस पार्टी से गठबंधन तोड़ने और पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की कम्युनिस्ट पार्टी के साथ गठबंधन करने के बाद लिया है। नेपाल के विदेश मंत्रालय के अनुसार जिन राजदूतों को वापस बुलाया गया है, उनमें शंकर शर्मा (भारत), श्रीधर खत्री (अमेरिका), ज्ञानचंद्र आचार्य (ब्रिटेन) और ज्योति पयाकुरेल भंडारी (दक्षिण कोरिया) शामिल हैं।

● भारतीय रेलवे ने महिला यात्रियों की सुविधा के लिए नई पहल की है। अब महिलाओं को रेल यात्रा के दौरान पीरियड्स आने पर रेलवे स्टेशन पर ही सेनेटरी पैड मिल सकेंगे। यह सुविधा पूरी तरह निःशुल्क रहेगी। इस सुविधा का लाभ महिला यात्रियों के साथ-साथ महिला कर्मचारियों को भी मिलेगा। रेलवे ने बताया कि सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीनों को इस प्रकार लगाया जाएगा कि वो महिलाओं को आसानी से नजर आ सके। शुरुआती तौर पर उत्तरी रेलवे के पांच मंडलों में 127 रेलवे स्टेशनों पर 500 मशीनें लगाई जा रही हैं।

● फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा है कि उनका देश यूक्रेन को पांच मिराज-2000 लड़ाकू विमान मुहैया कराएगा। उन्होंने कहा कि फ्रांस में यूक्रेन की वायुसेना के पायलटों को प्रशिक्षित भी किया जाएगा, ताकि वह रूस के आक्रमण से अपने देश की रक्षा कर सकें। मैक्रों ने जोर देते हुए कहा कि यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे युद्ध को फ्रांस भड़काना नहीं चाहता है।

9 जून

जेईई एडवांस्ड परीक्षा का परिणाम जारी

● भारतीय प्रौद्योगिक संस्थान (आईआईटी)-मद्रास ने देशभर के आईआईटी सहित अन्य तकनीकी संस्थानों में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई)-एडवांस के परिणाम जारी कर दिए हैं। आईआईटी मद्रास ने कहा कि जिन अभ्यर्थियों ने यह परीक्षा दी है वह आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर परीक्षा परिणाम देख सकते हैं। इस परीक्षा में आईआईटी दिल्ली जोन के वेद लाहोटी ने 360 में से 355 अंक हासिल कर शीर्ष स्थान हासिल किया है। इस परीक्षा में कुल एक लाख 80 हजार से ज्यादा उम्मीदवार शामिल हुए। इस परीक्षा में 48 हजार 248 उम्मीदवार उत्तीर्ण हुए, इनमें से 7 हजार 964 महिलाएं हैं।

● भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति ने रेपो रेट को वर्तमान दर पर बरकरार रखने का फैसला किया है। इसके अलावा आरबीआई ने लगातार आठवीं बार ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि महंगाई में कमी लाने में मौद्रिक नीति समिति की भूमिका अहम है। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में देश की विकास दर 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

● शोधकर्ताओं को डेनमार्क के ग्रीनलैंड में जमी बर्फ की परत के नीचे नए बड़े वायरस मिले हैं। शोधकर्ताओं के अनुसार यह वायरस ग्लोबल वार्मिंग के कारण बर्फ पिघलने की रफ्तार को धीमा कर सकते हैं। यह वायरस बर्फ की परत पर जमे शैवाल खाते हैं, इन शैवालों के कारण ही बर्फ तेजी से पिघलती है। डेनमार्क के आरहूस विश्वविद्यालय की वैज्ञानिक लॉरा पेरिनी ने बताया कि ग्रीनलैंड में पहली बार इतने बड़े वायरस मिले हैं।

10 जून

पंजाब नेशनल बैंक दुबई में खोलेगा प्रतिनिधि कार्यालय

● भारत के दूसरे सबसे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी)

Punjab National Bank

ने अब अरब देशों में अपनी शाखाएं खोलने की योजना बनाई है। पीएनबी संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के दुबई शहर में अपना प्रतिनिधि कार्यालय खोलने जा रहा है। प्रतिनिधि कार्यालय खुलने के बाद दुबई में रहने वाले भारतीय नागरिकों को लेन-देन करने में आसानी होगी। पीएनबी के प्रबंध निदेशक अतुल कुमार गोयल ने कहा कि बैंक के निदेशक मंडल ने इस योजना को मंजूरी प्रदान कर दी है, अब इसे बाजार विनियामक सेबी की अनुमति लेना बाकी है।

● ईरान की गार्डियन काउंसिल ने पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद अहमदीनेजाद के राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी है। काउंसिल ने स्पीकर सहित 6 उम्मीदवारों को राष्ट्रपति पद की रेस में रहने की अनुमति दी है। काउंसिल ने देश के शासन में आमूलचूल परिवर्तन की मांग करने वाले किसी भी पुरुष या महिला को स्वीकार नहीं करने की अपनी नीति जारी रखी। उल्लेखनीय है कि पूर्व राष्ट्रपति अहमदीनेजाद ने 28 जून को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए आवेदन किया था, लेकिन उनकी दावेदारी को रद्द कर दिया गया है।

● इजराइली सुरक्षा बलों ने गाजा के नुसीरत इलाके में बड़ी कार्रवाई करते हुए चार बंधकों को हमास के कब्जे से मुक्त करा लिया है। इस कार्रवाई में बड़ी संख्या में हमास के लड़ाकों के साथ ही फिलिस्तीनी नागरिक भी मारे गए हैं। इजराइल की सेना ने दावा किया कि इस कार्रवाई में 100 लोग मारे गए हैं, जबकि इजराइली सेना के एक जवान की भी मृत्यु हो गई है। इजराइली सेना ने कहा कि यह चारों बंधक अक्टूबर 2023 से हमास के पास बंधक थे।

11 जून

हूती विद्रोहियों ने अदन की खाड़ी में मालवाहक जहाजों पर किया हमला

● यमन के विद्रोही संगठन हूती ने अदन की खाड़ी में दो मालवाहक जहाजों पर मिसाइलों

से हमला किया। यह जानकारी अमेरिकी सेना की मध्य कमान ने दी है। अमेरिकी सेना के अनुसार हूती विद्रोहियों ने जहाज रोधी बैलिस्टिक क्रूज मिसाइल से एंटीगुआ और बारबूडा के झंडे वाले मालवाहक जहाज नॉर्दर्नी को निशाना बनाया, जिससे जहाज पर आग लग गई। इसके बाद हूती विद्रोहियों ने अदन की खाड़ी में लाइबेरिया के झंडे वाले मालवाहक जहाज ताविशी को भी निशाना बनाया। अमेरिकी सेना ने बताया कि बैलिस्टिक मिसाइल के हमले से ताविशी जहाज को काफी नुकसान हुआ है।

● केंद्र सरकार केंद्रीय कर्मचारियों को बड़ी राहत देने जा रही है। सरकार राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के तहत पेंशन लाभ में इजाफा कर सकती है। इस संबंध में टी.वी. सोमनाथन की अध्यक्षता वाले पैनल ने कर्मचारियों को पेंशन के रूप में अंतिम मूल वेतन की 50 प्रतिशत राशि पेंशन के रूप में देने की सिफारिश की है। अगर यह सिफारिशें सरकार द्वारा मान ली जाती हैं, तो सेवानिवृत्त होने से पहले कर्मचारी का जो मूल वेतन होगा, उसकी 50 प्रतिशत राशि पेंशन के रूप में दी जाएगी।

12 जून

उच्च शिक्षण संस्थानों में वर्ष में दो बार होंगे प्रवेश

● विदेशी विश्वविद्यालयों की तर्ज पर अब भारत में भी विद्यार्थी विश्वविद्यालयों और

UGC
University Grants Commission

उच्च शिक्षण संस्थानों में वर्ष में दो बार प्रवेश ले सकेंगे। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष एम. जगदीश कुमार ने बताया कि आयोग ने इस योजना को अनुमति प्रदान की है। यह व्यवस्था शैक्षणिक सत्र 2024-25 से ही लागू होगी। इस सत्र से जुलाई-अगस्त और जनवरी-फरवरी में प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि दुनियाभर के विश्वविद्यालय द्विवार्षिक प्रवेश प्रणाली का पालन करते है। भारतीय उच्च शिक्षा संस्थान द्विवार्षिक प्रवेश चक्र अपनाते हैं, तो वह अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और विद्यार्थी आदान-प्रदान कार्यक्रम को बढ़ा सकते हैं।

● भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) ने बीमा कंपनियों को दावों के निपटारे को लेकर कड़ी हिदायत दी है। इरडा ने कहा कि साधारण बीमा कंपनियां दस्तावेजों की कमी से दावों को खारिज नहीं कर सकती हैं। इरडा ने इस संबंध में एक मास्टर परिपत्र जारी किया है। माना जा रहा है कि यह साधारण बीमा व्यवसाय में सुधारों का हिस्सा है। इससे सरल और ग्राहक केंद्रित बीमा समाधानों के लिए एक नए युग की शुरुआत होगी।

● केंद्र सरकार आयकर या इससे जुड़ी छोटी चूक या गलतियों को गैर-अपराधिक बनाने पर विचार कर रही है। नए प्रावधानों के तहत अब आयकर से संबंधित छोटी गलतियों पर जुर्माना लगाया जाएगा, जेल नहीं होगी। सरकार इस पर जल्द निर्णय ले सकती है। यह कदम देश में कारोबार आसान बनाने के उद्देश्य से उठाया जा सकता है। अभी आयकर से संबंधित मामूली अपराधों के लिए अपराधिक मुकदमा चलाया जा सकता है। इसमें तीन महीने से लेकर सात वर्ष तक की जेल भी हो सकती है।

13 जून

लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से होगा शुरू

● देश में 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होगा, जो 3 जुलाई तक

चलेगा। यह जानकारी केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री श्री किरेन रिजिजू ने दी। उन्होंने बताया कि सत्र के पहले तीन दिन नवनिर्वाचित सदस्य शपथ लेंगे और सदन के अध्यक्ष का चुनाव होगा। वहीं राज्यसभा का सत्र 27 जून से शुरू होगा। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु 27 जून को नवगठित लोकसभा के साथ राज्यसभा के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगी और अगले पांच वर्षों के लिए नई सरकार के कामकाज की रूपरेखा पेश करेंगी।

● राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) अयोध्या, पठानकोट और केरल में अपनी नई यूनिट स्थापित करेगी। एनएसजी की ओर से बताया गया कि केंद्र सरकार लंबे समय से इसकी योजना बना रही है। इसके तहत सबसे पहले अयोध्या में एनएसजी यूनिट अगले कुछ महीनों में स्थापित की जाएगी, इसके बाद इस वर्ष के अंत तक केरल और पठानकोट में भी एनएसजी यूनिट तैनात की जाएगी। अभी देश में मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद, चेन्नई और गांधीनगर एनएसजी क्षेत्रीय केंद्र है। अयोध्या, पठानकोट और केरल में एनएसजी हब स्थापित होने से देश में एनएसजी के 8 हब हो जायेंगे।

● राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने इस वर्ष पहली बार चार वर्षीय इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम में प्रवेश के लिए आयोजित नेशनल कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (एनसीईटी-2024) को रद्द कर दिया है। यह परीक्षा अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित की गई थी, लेकिन जोधपुर सहित अधिकांश शहरों के परीक्षा केंद्रों पर एनटीए के सर्वर में तकनीकी खराबी की वजह से परीक्षा नहीं हो सकी।

14 जून

कक्षा नौवीं और ग्यारहवीं की परीक्षा ओपन बुक आधारित होगी

● केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने स्कूल शिक्षा के लिए राष्ट्रीय

CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
INDIA
असतो मा सद्गमय

पाठ्यक्रम की रूपरेखा की सिफारिश के अनुसार कक्षा नौवीं और ग्यारहवीं के लिए ओपन बुक परीक्षा आयोजित कराने का निर्णय लिया है। सीबीएसई ने कहा कि इसके तहत विद्यार्थियों को एक शैक्षणिक वर्ष के दौरान प्राप्त वास्तविक ज्ञान के आधार पर मूल्यांकन करने की परिकल्पना की गई है। ओपन बुक परीक्षाओं के प्रारूप को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पायलट अध्ययन अगले वर्ष फरवरी-मार्च में होने वाली अंतिम परीक्षाओं के दौरान किया जाएगा। पायलट अध्ययन में कक्षा दसवीं और बारहवीं को शामिल नहीं किया गया है।

● तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) ने पोस्ट डॉक्टोरल फेलोशिप (पीडीएफ) योजना लॉन्च की है। इस योजना के तहत हर वर्ष 200 शोधार्थियों को फेलोशिप दी जाएगी। इसके लिए शोधार्थियों को हर महीने 65 हजार रुपये की फेलोशिप मिलेगी। एआईसीटीई के अध्यक्ष प्रोफेसर टीजी सीताराम ने कहा कि शोधार्थी इस फेलोशिप के लिए वर्ष में कभी भी आवेदन कर सकते है। इस फेलोशिप की अवधि एक वर्ष है, जिसे एक वर्ष के लिए और बढ़ाया जा सकता है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित
फोटो : गूगल से साभार)

Vishisht School of Management
(Recognized by Govt. of M.P. and Affiliated from Devi Ahilya University, Indore)
65/5 R.S.Shukla Marg, Near MPEB Office, Pologround, Indore, MP- 452003
info@vsom.in, director.vsom@gmail.com

APPOINTMENT

Applications are invited for the following Faculty Positions for the Courses B.Com, BBA, BCA, BA, M.Com, MSW & BALLB (Hons)

- Assistant Professor (Commerce, Management, Social Work, Computer Application)
- Assistant Professor for BA LLB (Hons)
- Assistant Professor for BA (Economics, Hindi, Sociology, History, Political Science, English)
- Librarian, Sport Officer, Admission Counselor

Qualification & Salary-As per UGC/AICTE/BCI Norms and Selection under Code-28 of DAVV, Indore. Send your CV along with recent Photo and covering letter at given Email Ids within 07 days.

- Managing Director/ Director

R-49700/2024

वर्ष 41, अंक 25 17.06.2024 से 23.06.2024
रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - संदीप यादव
- सम्पादक - रंजना चितले
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
- आकल्पन - अरविन्द टोप्पो
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अशेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। इनसे सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

180 दिन की महत्वपूर्ण उपलब्धियों के बीच विकास के पथ पर अग्रसर मध्यप्रदेश

मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में निरंतर विकास पथ पर अग्रसर है। राज्य शासन ने विगत 180 दिन में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। सरकार का उद्देश्य उपलब्ध संसाधनों के साथ जनहितैषी गतिविधियों को प्रभावी तरीके से क्रियान्वित करना है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सभी विभागों की आगामी कार्ययोजनाओं को मूर्तरूप देने के उद्देश्य से विशेष बैठक आयोजित की और सुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसे सही स्वरूप में धरातल पर उतारना विभागों का लक्ष्य होना चाहिए। विभाग यह सुनिश्चित करें कि लोगों को सरकारी दफ्तरों के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें। विकास कार्यों में अनावश्यक विलंब न हो, हर स्तर पर त्वरित निर्णय लेकर कार्यों को समय-सीमा में पूरा किया जाए और कार्य पूर्ण पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हो। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की इच्छाशक्ति के अनुरूप मध्यप्रदेश प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 5 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के लक्ष्य को प्राप्त करने में अपने महत्वपूर्ण योगदान के लिये प्रतिबद्ध है।

मध्यप्रदेश सरकार के छह माह के कार्यों में एक नहीं ऐसी कई उपलब्धियां शामिल हैं जिनसे आमजन सीधे लाभान्वित हुए हैं। यही नहीं मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश में कई नवाचार भी किये गये हैं। प्रदेश में यह वर्ष गौवंश रक्षा वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है जो गुड़ी पड़वा से आरंभ हुआ है। राज्य सरकार ने गौशालाओं का मानदेय भी दोगुना करने का निर्णय लिया है। प्रदेश में उद्योगों को प्रोत्साहित करने और रोज़गार के नए अवसर सृजित करने के उद्देश्य से क्षेत्रीय स्तर पर इन्वेस्टर्स समिट आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश की कृषि विकास दर में सुधार हुआ है, इसके साथ ही उद्योग के क्षेत्र में प्रगति के लिए भी विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। एमएसएमई के साथ-साथ कुटीर उद्योग तथा प्रदेश की पहचान स्थापित करने वाली हस्तशिल्प और अन्य औद्योगिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष गतिविधियां संचालित की जाएंगी। इसके अंतर्गत विक्रमादित्य शोधपीठ उज्जैन को पत्थर की प्रतिमाओं के निर्माण के केन्द्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।

प्रदेश में प्रशासनिक दक्षता में वृद्धि के उद्देश्य से जिलों और संभागों की सीमाओं के पुनर्निर्धारण की पहल भी की गई इसके लिये राज्य सरकार ने विशेष आयोग गठित किया है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा अनेक नवाचार किए जा रहे हैं। इसी क्रम में लोक स्वास्थ्य व्यवस्था को अधिक जनोन्मुखी और दक्ष बनाने के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग को एक करने और निजी स्वास्थ्य संस्थाओं को लोक स्वास्थ्य से जोड़ा गया है। यही नहीं प्रदेश के सभी 29 संसदीय क्षेत्रों में एक-एक मेडिकल कॉलेज आरंभ करने की योजना है।

प्रदेश में जल संरचनाओं के संरक्षण के लिए चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान को सच्चे अर्थों में जनता का अभियान बनाया गया है। राज्य में पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा के अंतर्गत उज्जैन से भी हवाई यात्रा की शुरुआत हुई है। 21 जून को आयोजित होने वाले योग दिवस पर सभी जिला मुख्यालयों में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएं तथा अधिक से अधिक नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। प्रदेश में 'कॉलेज चलें हम' अभियान से सकल नामांकन अनुपात में सुधार हुआ है। महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं को बस सुविधा उपलब्ध कराने, प्रत्येक जिले में एक एक्सीलेंस कॉलेज आरंभ करने तथा हर विश्वविद्यालय में स्नातक स्तर पर कृषि संकाय आरंभ करने की भी पहल प्रदेश में हुई है।

जलवायु परिवर्तन और खराब मौसम की घटनाओं से सिर्फ 6 महीने में हुआ 41 अरब डॉलर का नुकसान

वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक चिंतन का विषय बन गया है। जलवायु परिवर्तन के कारण ही भीषण गर्मी, असमय बारिश होती है। हाल ही में ब्रिटेन के क्रिश्चियन एड द्वारा रिपोर्ट में चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार पिछले छह महीने में खराब मौसम से जुड़ी चार घटनाओं में 2500 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। यह चारों घटनाएं वैज्ञानिक रूप से या तो जलवायु परिवर्तन से हुई या फिर इसके कारण इनका खतरा और बढ़ गया। संगठन के अनुसार जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल पर रोक लगाने और जलवायु आपदाओं से निपटने में कम आय वाले देशों का समर्थन करने की दिशा में ही कुछ महीने पहले संयुक्त अरब अमीरात में कोप 28 सम्मेलन हुआ जिस पर अभी तक कोई प्रगति दिखाई नहीं दी है। क्रिश्चियन एड की रिपोर्ट के अनुसार कुछ संपन्न देश ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में बड़ी भूमिका निभाते हैं। इन गैसों के उपयोग से वायुमंडल में गर्म हवा का दबाव बन रहा है। क्रिश्चियन एड के अनुसार 41 अरब अमेरिकी डॉलर का नुकसान आंका गया है। रिपोर्ट के मुताबिक आमतौर पर केवल बीमाकृत नुकसान को ही दर्ज किया जाता है और मौसम से जुड़ी सबसे भीषण आपदाएं उन देशों में हुई, जहां बहुत कम लोगों या व्यवसायों के पास बीमा था। ब्राजील में बाढ़ के कारण कम से कम 169 लोगों की मौत हो गई और कम से कम सात अरब अमेरिकी डॉलर का आर्थिक नुकसान हुआ। रिपोर्ट में बताया गया कि दक्षिण और दक्षिण-पश्चिम एशिया में बाढ़ के कारण अकेले संयुक्त अरब अमीरात में कम से कम 214 लोगों की मौत हो गई और 85 करोड़ अमेरिकी डॉलर का बीमा नुकसान हुआ। पश्चिम, दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया में गर्मी के कारण अकेले म्यांमार में 1,500 से अधिक लोगों की मौत हो गई। कुल मिलाकर आने वाले दिनों में जलवायु परिवर्तन की दिशा में कोई सख्त कदम नहीं उठाये गये और पर्यावरण को क्षति पहुंचाने का दौर इसी तरह से जारी रहा तो वह दिन दूर नहीं जब इससे अधिक भयावह स्थिति सामने आये।

- विकास तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े विषयों पर लेखन करते हैं)

लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने श्री नरेन्द्र मोदी

गरीबी उन्मूलन और भ्रष्टाचार मुक्त भारत के संकल्प के साथ नये मंत्रीमंडल ने कार्यभार संभाला

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अपने 71 मंत्रियों के साथ पुनः सत्ता संभाल ली है। तीसरी पारी की शुरुआत करते हुये श्री मोदी ने भ्रष्टाचार और गरीबी से मुक्त भारत बनाने का संकल्प व्यक्त किया और सभी मंत्रियों ने आरंभिक लक्ष्य के साथ अपने-अपने विभागों का कार्यभार ग्रहण कर लिया। शपथग्रहण के बाद मंत्रीमंडल की पहली बैठक में किसानों को सम्मान निधि जारी की गई और प्रधानमंत्री आवास योजना की संख्या बढ़ाने का निर्णय हुआ।

प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार एनडीए गठबंधन ने सरकार का कार्यभार संभाल लिया है। प्रधानमंत्री ने अपने 71 मंत्रियों सहित शपथ ग्रहण के साथ ही कार्य आरंभ कर दिया है। प्रधानमंत्री को मिलाकर यह बहत्तर सदस्यीय मंत्रीमंडल है। मंत्रीमंडल में मंत्रियों की अधिकतम संख्या 81 हो सकती है। अधिकतम स्थानों की पूर्ति हो गई है। अब निकट भविष्य में विस्तार की संभावना कम है। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री ने अपने साथ 46 और 2019 में 58 मंत्रियों को शपथ दिलाई थी। मंत्रीमंडल विस्तार के बाद यह संख्या 78 तक हो गई थी। इस बार 2024 में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पहली बार में ही 71 मंत्रियों को शपथ दिलाई है। मंत्रीमंडल में जो स्थान शेष हैं उनके बारे में माना जा रहा है कि यदि भविष्य में सत्तारूढ़ गठबंधन एनडीए के समर्थकों की संख्या बढ़ती है तो उनके समायोजन के लिये यह स्थान रिक्त रखे गये हैं।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बनी इस सरकार में 30 केबिनेट और 36 राज्यमंत्री बनाये गये हैं। इनके साथ पांच राज्यमंत्रियों को अपने विभागों का स्वतंत्र प्रभार दिया गया है। केबिनेट स्तर के तीस मंत्रियों में पच्चीस भारतीय जनता पार्टी के और शेष पांच केबिनेट मंत्री सहयोगी दलों के हैं। जबकि राज्यमंत्रियों में छह सहयोगी दलों के और अन्य सभी भारतीय जनता पार्टी के हैं। इस प्रकार इन कुल 71 मंत्रियों में साठ भारतीय जनता पार्टी के और कुल ग्यारह सहयोगी दलों के मंत्री हैं। सहयोगी दलों के मंत्रियों में दो सदस्य आन्ध्रप्रदेश से श्री चन्द्रबाबू नायडू की तेलगू देशम पार्टी से और दो बिहार से श्री नितीश कुमार की जेडीयू के हैं। इस बार देश के 24 राज्यों के सासदों को मंत्री बनाया गया है। सामाजिक समूहों की दृष्टि से देखें तो 27 ओबीसी, 10 एससी, 5 एसटी और पांच अल्पसंख्यक हैं। वरिष्ठ मंत्रियों में छह अपने राज्यों में मुख्यमंत्री रह चुके हैं। इस प्रकार यह मंत्रीमंडल अनुभव, कार्य कुशलता, युवा ऊर्जा, और देश की सांस्कृतिक विविधता का प्रतिबिंब है। लगभग सभी मंत्रियों ने अपने-अपने विभागों का कार्यभार भी ग्रहण कर लिया। जिन मंत्रियों के पास अतिरिक्त विभाग हैं उनमें से कुछ ने अपने मंत्रालय का कार्यभार ग्रहण किया और अधिकारियों की बैठक लेकर कार्य की प्राथमिकता के भी निर्देश दिये।

नेता पद के चयन के लिये आयोजित एनडीए संसदीय दल की बैठक, मंत्रीमंडल के गठन और विभाग वितरण से स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बिना किसी दबाव के अपनी तीसरे कार्यकाल की शुरुआत की है। उनके द्वारा इस कार्यकाल के लिये निर्धारित प्राथमिकताओं पर दृढ़ता से आगे बढ़ेंगे। मंत्रीमंडल में उत्तरप्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, महाराष्ट्र राज्यों के चेहरे शामिल होने से यह संकेत भी है कि गठबंधन सरकार ने इन राज्यों में हुई राजनीतिक क्षति पूर्ति के उपाय किये हैं। संभावना है कि इन राज्यों के मंत्रियों को परिणाममूलक (रिजल्ट ओरिएंटेड) लक्ष्य दिये जायेंगे। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा को मंत्री बनाया गया है। इससे संकेत है कि भाजपा में राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिये कोई नया चेहरा आयेगा। इसके अतिरिक्त श्रीमती निर्मला सीतारमण ने भी शपथ ली। उन्होंने लोकसभा चुनाव नहीं लड़ा था। इसलिए उन्हें किसी प्रांत से राज्यसभा में लिया जायेगा।

मध्यप्रदेश से कुल पांच मंत्री लिये गये हैं। इनमें तीन केबिनेट और दो राज्यमंत्री हैं। पिछले मंत्रीमंडल में भी मध्यप्रदेश से पांच मंत्री थे। मध्यप्रदेश से पिछले कार्यकाल में केन्द्रीय मंत्री रहे श्री नरेन्द्र सिंह तोमर और प्रहलाद पटेल अब मध्यप्रदेश राज्य की राजनीति में आ गये हैं और श्री फग्गन सिंह कुलस्ते को इस बार अवसर नहीं मिला। श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया अभी राज्यसभा के सदस्य भी हैं। उन्होंने गुना संसदीय क्षेत्र से चुनाव जीत लिया है। इसलिये मध्यप्रदेश से राज्यसभा का एक स्थान रिक्त हो जायेगा। मध्यप्रदेश से जो तीन नये चेहरे केबिनेट में लिये गये हैं उनमें पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भी हैं। वे वर्ष 1991 से 2005 तक लोकसभा सदस्य रह चुके हैं। इसीलिए उन्हें वरिष्ठता क्रम में पांचवा स्थान मिला है। जबकि राज्यमंत्री के रूप में लिये गये दोनों चेहरे नये हैं। एक सावित्री ठाकुर धार और श्री दुर्गादास उइके बैतूल संसदीय क्षेत्र से चुनाव जीतकर संसद में पहुंचे हैं। मध्यप्रदेश के पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ की कुल ग्यारह में से दस सीटें भाजपा ने जीती हैं, वहां से एक नये चेहरे तोखन साहू को राज्यमंत्री बनाया गया है।

मंत्रीमंडल में विभागों का स्वरूप

मंत्रीमंडल की शपथग्रहण के चौबीस घंटे के भीतर ही प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विभागों का बंटवारा कर दिया। उन्होंने कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष विभाग अपने पास रखे हैं। इसके अतिरिक्त सभी महत्वपूर्ण नीतिगत मुद्दे और ऐसे विभाग भी प्रधानमंत्री के पास रहेंगे जो अभी तक किसी मंत्री को आवंटित नहीं किए गए हैं। कुछ पुराने मंत्रियों के विभाग यथावत रखे गये हैं। जबकि कुछ मंत्रियों के मंत्रालय बदले गए हैं।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी नई सरकार के चार वरिष्ठ मंत्रियों के मंत्रालय यथावत रखे हैं। इनमें श्री अमित शाह को गृह, श्री राजनाथ सिंह को रक्षा, निर्मला सीतारमण को वित्त और श्री एस. जयशंकर को विदेश मंत्रालय का पुनः प्रभार दिया गया है। यह चारों मंत्री प्रधानमंत्री श्री मोदी की अध्यक्षता में गठित मंत्रीमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति के सदस्य होते हैं। मंत्रीमंडल में शामिल नए चेहरों में मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को कृषि और ग्रामीण विकास मंत्रालय मिला है। ये विभाग पहले मध्यप्रदेश से ही केन्द्रीय मंत्री रहे श्री नरेन्द्र सिंह तोमर के पास रहे हैं। अब मध्यप्रदेश से ही संबंधित श्री शिवराज सिंह चौहान को मिले हैं। श्री चौहान की पृष्ठभूमि कृषक परिवार की रही है और उनके मुख्यमंत्रित्व काल में ही मध्यप्रदेश को सात बार कृषि कर्मण अवॉर्ड मिला था। संभवतः उनकी यह विशेषता देखकर ही प्रधानमंत्री श्री मोदी ने यह विभाग सौंपे।

अधूरे काम पूरे करने का संकल्प

मंत्रीमंडल के गठन और विभाग वितरण के तुरन्त बाद प्रधानमंत्री श्री मोदी ने दो काम किये एक तो मंत्रीमंडल की बैठक बुलाई और भारत को आत्मनिर्भर बनाने की यात्रा में अधूरे रहे कामों को पूरा करने के निर्देश दिये। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल का पहला आदेश प्रधानमंत्री किसान निधि की 17वीं किस्त जारी करने का निकाला। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है जो देशभर में खेती योग्य भूमि वाले सभी किसान परिवारों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है। इस योजना के अंतर्गत कुल छह हजार रुपये वार्षिक, दो हजार रुपये की तीन समान किस्तों में किसानों के बैंक खातों में भेजे जाते हैं। इस योजना की शुरुआत 2019 में हुई थी। प्रधानमंत्री ने इस किसान निधि की 17वीं किस्त जारी की।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपनी केबिनेट की पहली बैठक में गरीबी और भ्रष्टाचार से मुक्त भारत के निर्माण का संकल्प व्यक्त किया। श्री मोदी ने चुनाव आचार संहिता और अन्य कारणों से जिन योजनाओं का काम रुक गया है उन्हें तेजी से पूरा करने के निर्देश दिये। इसमें देश के आवासहीन परिवारों को आवास देने की योजना में तेजी लाने के निर्देश दिये। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इस योजना में उन आवासहीन परिवारों को जोड़ने की भी बात कही जो समय के साथ बढ़ गये हैं। मंत्रीमंडल की इस पहली बैठक में ऐसे तीन करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण और शहरी परिवारों को घर बनाने के लिए सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया गया। इन घरों में टॉयलेट, बिजली और एलपीजी कनेक्शन भी उपलब्ध कराये जायेंगे।

मंत्रीमंडल की बैठक के बाद प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपने मंत्रालय और प्रधानमंत्री कार्यालय के अधिकारियों की बैठक को भी संबोधित किया और कहा कि 'हमने 2014 से जो कदम उठाए हैं, इसके लिये इस कार्यालय ने एक उत्प्रेरक एजेंट के रूप में विकसित करने का प्रयास किया है... पीएमओ को लोगों का पीएमओ होना चाहिए और यह मोदी का पीएमओ नहीं हो सकता।' उन्होंने कहा कि '10 साल पहले हमारे देश में एक छवि बनी हुई थी कि पीएमओ एक शक्ति का केंद्र है, एक बहुत बड़ा पावर सेंटर है और मैं न सत्ता के लिए पैदा हुआ हूं और न मैं शक्ति अर्जित करने के लिए सोचता हूं।'

अपनी तीसरी पारी की शुरुआत के साथ प्रधानमंत्री श्री मोदी के तीन प्रमुख संबोधन हुये। पहला एनडीए संसदीय दल की बैठक में, दूसरा मंत्रीमंडल की पहली बैठक में और तीसरा पीएमओ अधिकारियों के बीच। इन तीनों स्थानों पर भारत को आत्मनिर्भर बनाने और 2047 तक विश्व शक्ति बनाने के लिये गरीबी उन्मूलन और भ्रष्टाचार मुक्त भारत का संकल्प व्यक्त किया।

रमेश शर्मा

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)

बैंक नोट पेपर मिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड

(एसपीएमसीआईएल. भारत सरकार का एक उद्यम और बीआरबीएनएमपीएल – भारतीय रिज़र्व बैंक का एक सहायक का एक संयुक्त उद्यम)

CIN: U21090KA2010PTC055475

निगमित कार्यालय, पेपर मिल कंपाउंड, नोट मुद्रण नगर, मैसूर- 570003

रोज़गार अधिसूचना सं. 01/2024 दिनांक: 30.05.2024

बैंक नोट पेपर मिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (बीएनपीएमआईपीएल), भारतीय प्रतिभूति मुद्रण एवं टकसाल निगम लिमिटेड (एसपीएमसीआईएल- वित्त मंत्रालय के अधीन भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्व में एक सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम) और भारतीय रिज़र्व बैंक नोट मुद्रण प्राइवेट लिमिटेड (बीआरबीएनएमपीएल- भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) के पूर्ण स्वामित्व में एक सहायक) के बीच एक संयुक्त उद्यम है, जो मैसूर, कर्नाटक में 12000 टीपीए की क्षमता वाले बैंक नोट कागज के उत्पादन में कार्यरत है.

कंपनी पात्र और इच्छुक भारतीय नागरिकों से निम्नांकित पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करती है :

पदों के नाम	प्रक्रिया सहायक ग्रेड-I (गैर-कार्यकारी संवर्ग)					
विषय	पदों की लगभग सं.	अजा	अजजा	अपिव	ईडब्ल्यूएस	अना
मैकेनिकल	10	2	1	2	1	4
इलेक्ट्रिकल	4	–	–	1	–	3
इलेक्ट्रॉनिक्स	5	1	–	1	–	3
रासायनिक	6	1	1	1	1	2
लुगदी एवं कागज	6	1	–	1	1	3
सिविल	2	–	1	–	–	1
रसायन विज्ञान	2	–	–	1	–	1
लेखा सहायक	2	–	–	–	–	2
कार्यालय सहायक	2	–	–	–	–	2
कुल	39	5	3	7	3	21

(रिक्तियों की संख्या अनंतिम है और कंपनी की वास्तविक अपेक्षा के अनुसार परिवर्तन किये जा सकते हैं.)

2. भुगतेय परीक्षा-शुल्क और सूचना खर्चे (अप्रतिदेय)

श्रेणी	परीक्षा-शुल्क	सूचना खर्चे
अजा/अजजा/ पीडब्ल्यूबीडी हेतु	शून्य	रु. 200/-
अन्य सभी (अपिव एवं ईडब्ल्यूएस सहित) हेतु	रु. 600/-	

3. वेतनमान और परिलब्धि

सक्षम उम्मीदवारों को आकर्षित और कार्य पर रखने के क्रम में कंपनी ने नीचे दी गयी संबंधित पे लेवल में उच्चतर आरंभिक वेतन निर्धारित करने का निश्चय किया है :

पद का नाम	पे लेवल (केंद्र सरकार के वेतन के समतुल्य)	न्यूनतम मूल वेतन (रु.)
प्रक्रिया सहायक ग्रेड-I	02	रु. 24,500/-

अन्य भत्ते एवं लाभ: मूल वेतन के अतिरिक्त, दैभ (केंद्रीय दैभ वर्तमान में 50% की दर से), म.कि.भ. पदस्थापन के स्थान अर्थात मैसूर हेतु 18% (मूल वेतन के आधार पर) दिए जाएंगे. अन्य लाभ और अनुलब्धियां कंपनी के नियमों के अनुसार पीएफ, ग्रेच्युटी, इनडोर मेडिक्लेम बीमा, आउटडोर चिकित्सा प्रतिपूर्ति, एलटीएफ, शिशु शिक्षा भत्ता, धुलाई भत्ता, साज-सज्जा भत्ता, मकान ऋण पर ब्याज में रियायत, कैंटीन सुविधा, वाहन प्रतिपूर्ति, कार्य-प्रदर्शन से जुड़े प्रोत्साहन आदि सहित दिए जाएंगे.

4. पात्रता शर्तें:

पद हेतु अर्हता, अनुभव, आयु आदि नीचे दिए गये हैं :

क्रम सं.	पदों के नाम	रिक्ति की लगभग सं.	न्यूनतम एवं अधिकतम आयु (30.06.2024 के अनुसार)	अनिवार्य शैक्षिक अर्हताएं (30.06.2024 के अनुसार)	अर्हता बाद न्यूनतम अनुभव (30.06.2024 के अनुसार)
4क.	**प्रक्रिया सहायक ग्रेड-I (तकनीकी) (i) मेकेनिकल विषय**	10	18-28 वर्ष	मैट्रिक/ एसएसएलसी/10वीं कक्षा का बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण. **और** एनसीवीटी/ एससीवीटी से फिटर/ मशीनिस्ट/ टर्नर/ मेकेनिक/ मशीन टूल देख-रेख/ टूल एवं डाई निर्माता में आईटीआई ट्रेड प्रमाण-पत्र (एनटीसी) में न्यूनतम 2 वर्ष की अवधि के पाठ्यक्रम. **या** किसी मान्यताप्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय/ एआईसीटीई द्वारा स्वीकृत पॉलिटेक्निक संस्थान से मैकेनिकल अभियांत्रिकी में कुल 60% अंकों से 3 वर्षीय डिप्लोमा.	1. आईटीआई ट्रेड प्रमाण-पत्र धारकों निर्माण/ उत्पादन/ प्रचालन/ प्रक्रिया नियंत्रण या देख-रेख में न्यूनतम 2 वर्ष का औद्योगिक अनुभव' (1- वर्षीय प्रशिक्षुता प्रशिक्षण पर भी 1- वर्षीय अनुभव के रूप में विचार किया जाएगा). • अनुभव निम्नांकित किसी भी उद्योगों में हो : • कागज एवं लुगदी उद्योग • उर्वरक/ पेट्रोकेमिकल/ रासायनिक संयंत्र • अन्य उत्पादन/ निर्माण उद्योग 2. डिप्लोमा धारकों हेतु अनुभव अनिवार्य नहीं होंगे.
	प्रक्रिया सहायक ग्रेड-I (तकनीकी) (ii) इलेक्ट्रिकल विषय	04	18-28 वर्ष	मैट्रिक/ एसएसएलसी/ 10वीं कक्षा का बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण. **और** एनसीवीटी/ एससीवीटी से इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में आईटीआई ट्रेड प्रमाण-पत्र (एनटीसी) में न्यूनतम 2 वर्ष की अवधि के पाठ्यक्रम. **या** किसी मान्यताप्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय/ एआईसीटीई द्वारा स्वीकृत पॉलिटेक्निक संस्थान से विद्युत अभियांत्रिकी में कुल 60% अंकों से **3 वर्षीय डिप्लोमा.**	1. आईटीआई ट्रेड प्रमाण-पत्र धारकों हेतु निर्माण/ उत्पादन/ प्रचालन/ प्रक्रिया नियंत्रण या देख-रेख में न्यूनतम 2 वर्ष का औद्योगिक अनुभव* (1- वर्षीय प्रशिक्षुता प्रशिक्षण पर भी 1- वर्षीय अनुभव के रूप में विचार किया जाएगा). • अनुभव निम्नांकित किसी भी उद्योगों में हो : • कागज एवं लुगदी उद्योग • उर्वरक/ पेट्रोकेमिकल/ रासायनिक संयंत्र • अन्य उत्पादन/ निर्माण उद्योग 2. डिप्लोमा धारकों हेतु अनुभव अनिवार्य नहीं होंगे.
	प्रक्रिया सहायक ग्रेड-I (तकनीकी) (iii) इलेक्ट्रिकल विषय	05	18-28 वर्ष	मैट्रिक/ एसएसएलसी/ 10वीं कक्षा का बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण. **और** एनसीवीटी/ एससीवीटी से इलेक्ट्रॉनिक मेकेनिक/ इंस्ट्रूमेंट मेकेनिक/ मेकेनिक मेकेट्रोनिक्स/ मैकेनिक औद्योगिक इलेक्ट्रॉनिक्स/ मैकेनिक-सह-प्रचालक इलेक्ट्रॉनिक्स कम्युनिकेशन सिस्टम/ सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम देख-रेख ट्रेड में आईटीआई ट्रेड प्रमाण-पत्र (एनटीसी) में न्यूनतम 2 वर्ष की अवधि के पाठ्यक्रम. **या** किसी मान्यताप्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय/ एआईसीटीई द्वारा स्वीकृत पॉलिटेक्निक संस्थान से इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स/ इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार/ इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इंस्ट्रूमेंटेशन अभियांत्रिकी में कुल 60% अंकों से 3 वर्षीय डिप्लोमा.	1. आईटीआई ट्रेड प्रमाण-पत्र धारकों हेतु निर्माण/ उत्पादन/ प्रचालन/ प्रक्रिया नियंत्रण या देख-रेख में न्यूनतम 2 वर्ष का औद्योगिक अनुभव* (1- वर्षीय प्रशिक्षुता प्रशिक्षण पर भी 1- वर्षीय अनुभव के रूप में विचार किया जाएगा). • अनुभव निम्नांकित किसी भी उद्योगों में हो : • कागज एवं लुगदी उद्योग • उर्वरक/ पेट्रोकेमिकल/ रासायनिक संयंत्र • अन्य उत्पादन/ निर्माण उद्योग 2. डिप्लोमा धारकों हेतु अनुभव अनिवार्य नहीं होंगे.
	प्रक्रिया सहायक ग्रेड-I (तकनीकी) (iv) रासायनिक विषय	06	18-28 वर्ष	मैट्रिक/ एसएसएलसी/ 10वीं कक्षा का बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण. **और** एनसीवीटी/ एससीवीटी से परिचर प्रचालक (रासायनिक संयंत्र)/ प्रयोगशाला सहायक (रासायनिक संयंत्र)/ इंस्ट्रूमेंट मेकेनिक (रासायनिक संयंत्र) में आईटीआई ट्रेड प्रमाण-पत्र (एनटीसी) में न्यूनतम 2 वर्ष की अवधि के पाठ्यक्रम. **या** किसी मान्यताप्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय/ एआईसीटीई द्वारा स्वीकृत पॉलिटेक्निक संस्थान से रासायनिक अभियांत्रिकी में कुल 60% अंकों से 3 वर्षीय डिप्लोमा.	1. आईटीआई ट्रेड प्रमाण-पत्र धारकों हेतु निर्माण/ उत्पादन/ प्रचालन/ प्रक्रिया नियंत्रण या देख-रेख में न्यूनतम 2 वर्ष का औद्योगिक अनुभव* (1- वर्षीय प्रशिक्षुता प्रशिक्षण पर भी 1- वर्षीय अनुभव के रूप में विचार किया जाएगा). • अनुभव निम्नांकित किसी भी उद्योगों में हो : • कागज एवं लुगदी उद्योग • उर्वरक/ पेट्रोकेमिकल/ रासायनिक संयंत्र • अन्य उत्पादन/ निर्माण उद्योग 2. डिप्लोमा धारकों हेतु अनुभव अनिवार्य नहीं होंगे. *(शेष पृष्ठ 6 पर)*

संग्राम वाहन अनुसंधान तथा विकास संस्थापन (सीवीआरडीई)
भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय
रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ)
अवाडी, चेन्नै-600054
विज्ञा. सं.: सीवीआरडीई/मा.सं./जेआरएफ/2024-25

कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्ति (जेआरएफ) 2024 के अधिनिर्णय हेतु विज्ञापन

संग्राम वाहन अनुसंधान तथा विकास संस्थापन (सीवीआरडीई), डीआरडीओ, रक्षा मंत्रालय, अवाडी सेना तथा अन्य सेवाओं हेतु ताने-बाने (वायु सेना एवं नौसेना) के लिए नवोन्नत वक्तरबंद युद्धक वाहनों (AFVs) की डिजाइन एवं विकास में संलिप्त है. सीवीआरडीई वक्तरबंद युद्धक वाहनों (AFVs) अर्थात टर्रेट एवं वेपन प्रणाली, चेसिस एवं आटोमोटिव प्रणाली, पावरपैक (इंजन एवं ट्रांस मिशन) प्रौद्योगिकियों, रनिंग गीयर प्रौद्योगिकियों, वाहन वैद्युत, वाहन इलेक्ट्रॉनिकी एवं वाहन संचार इत्यादि हेतु सुसंगत प्रौद्योगिकियों में मुख्य सक्षमता रखती है. तथापि, सीवीआरडीई आईआईटीज, आईआईएससी बेंगलूरू तथा अन्य अग्रणी अकादमिक संस्थाओं के साथ सहयोगात्मक अनुसंधान का उत्तरदायित्व लेती है.

सीवीआरडीई युवा एवं मेधावी भारतीय नागरिकों को कार्यव्यस्त करना चाहती है (कनिष्ठ अनुसंधान अध्येताओं के रूप में), जो एएफवी प्रौद्योगिकियों से संबंधित क्षेत्रों में अनुसंधान अनुसरित करना चाहते हैं.

निम्नांकित विधाओं में कनिष्ठ अनुसंधान अध्येताओं (जेआरएफ) के चयन हेतु परिशिष्ट I में दिये आरुप के अनुसार ऑफलाइन आवेदनपत्र आमंत्रित किये जाते हैं.

रिक्तियों की सं.: अट्ठाइस (28)-कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता (जेआरएफ)

विधा	अनिवार्य योग्यता	रिक्तियों की सं.*	पारिश्रमिक एवं अवधि
यांत्रिक अभियांत्रिकी	मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से प्रथम श्रेणी के साथ बी.ई./बी.टेक वैध गेट स्कोर सहित (अथवा) एम.ई/एम.टेक प्रथम श्रेणी के साथ स्नातक तथा स्नातकोत्तर दोनों स्तर पर (विदेशी विश्वविद्यालयों से डिग्री धारक उम्मीदवारों को 'भारतीय विश्वविद्यालय संघ, दिल्ली' से समतुल्य प्रमाणपत्र प्राप्त करना चाहिए) **(कोई भी संबद्ध अथवा समतुल्य अभियांत्रिकी विधा स्वीकार्य नहीं है)**	13 (तेरह)	• रु. 37,000/- प्रतिमाह (समेकित वृत्तिका/ समेकित अध्येतावृत्ति परिलब्धि) • म.कि.भ. तथा चिकित्सा सुविधायें नियमानुसार स्वीकार्य होंगी. • अध्येतावृत्ति प्रारंभ में दो वर्षों की अवधि के लिए है और नियमानुसार विस्तारणीय है.
इलेक्ट्रानिकी तथा संचार अभियांत्रिकी		9 (नौ)	
वैद्युत एवं इलेक्ट्रानिकी अभियांत्रिकी		4 (चार)	
कंप्यूटर विज्ञान अभियांत्रिकी		2 (दो)	

* रिक्तियों की संख्या संगठनात्मक मांग के अनुसार परिवर्तित हो सकती है.

I. उम्मीदवारों हेतु आयु सीमा (आवेदन की तिथि के अनुसार)

संवर्ग	आयु
i) अनारक्षित	28 वर्ष से अधिक नहीं.
ii) (गैर क्रीमी लेयर)	31 वर्ष से अधिक नहीं.
iii) अजा/अजजा	33 वर्ष से अधिक नहीं.

II. राष्ट्रीयता

केवल भारतीय नागरिक आवेदन करें.

III. कैसे आवेदन करें:

क) भरे गये आवेदन प्रपत्र (परिशिष्ट-I में दिये गये आरुप के अनुसार) सुसंगत प्रलेखों के साथ डाक द्वारा निम्नलिखित पते पर प्रेषित किया जाना चाहिए:

निदेशक
संग्राम वाहन अनुसंधान तथा विकास संस्थापन
(सीवीआरडीई)
रक्षा मंत्रालय, डीआरडीओ
अवाडी, चेन्नै-600054

डाक द्वारा आवेदनपत्र प्रेषित कर रहे उम्मीदवारों को लिफाफे के शीर्ष पर ''जेआरएफ भर्ती-2024 के लिए आवेदनपत्र'' लिखना चाहिए. **(अथवा)** आवेदनप्रपत्र अनुसमर्थन प्रलेखों के साथ पीडीएफ फॉर्मेट में ईमेल आईडी **pmhr.cvrde@gov.in** पर ऑनलाइन जमा करना चाहिए.

ख) सीवीआरडीई में आवेदनपत्र प्राप्ति हेतु अन्तिम तिथि रोज़गार समाचार/राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय समाचारपत्रों में प्रकाशन की तिथि से, लागू अनुसार, 21 दिन है.

IV. संलग्न किये जाने वाले प्रलेख :

क) जन्म तिथि, अनिवार्य तथा उच्चतर योग्यताओं से संबंधित स्वयं-सत्यापित प्रमाणपत्र/शंसापत्र, अंकपत्रों तथा गेट स्कोर, जाति प्रमाणपत्र इत्यादि सहित. यदि प्रस्तुत किया गया कोई प्रलेख/प्रमाणपत्र अंग्रेजी की बजाय अन्य भाषा में है तो उसका अंग्रेजी में विधिवत स्वयं सत्यापित प्रतिलेखन संलग्न किया जाना चाहिए.

ख) उम्मीदवारों को, जो नियमित सेवा में हैं चाहे स्थायी अथवा अस्थायी के अन्तर्गत, छानबीन तथा लिखित परीक्षा के समय पर काडर नियंत्रण प्राधिकारी/वर्तमान नियोक्ता से प्राप्त ''अनापत्ति प्रमाणपत्र'' (एनओसी) प्रस्तुत करना होगा.

V. लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार सीवीआरडीई, अवाडी में

क. लिखित परीक्षा (वास्तुनिष्ठ प्रभार) तथा साक्षात्कार की तिथि, समय और स्थान के बारे में सूचना लघुसूचीकृत उम्मीदवारों को सीधे तौर पर सीवीआरडीई द्वारा ईमेल के माध्यम से दी जायेगी.

ख. उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय पर मूल प्रमाणपत्र/शंसापत्र प्रस्तुत करने होंगे.

ग. सभी पात्र उम्मीदवारों की लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ प्रकार) प्रमाणपत्रों/शंसापत्रों के सत्यापन के पश्चात संचालित की जायेगी.

घ. लिखित परीक्षा से लघुसूचीकृत किये गये उम्मीदवारों को उसी दिन सीवीआरडीई में साक्षात्कार में सम्मिलित होना होगा.

ङ. उम्मीदवारों को प्रक्रिया पूरी करने के लिए एक दिन अथवा दो दिन तक ठहरने हेतु अवश्य तैयार होकर आना चाहिए.

च. उम्मीदवारों को चेन्नै में अपने ठहरने तथा परिवहन हेतु अपने निजी प्रबंध करने चाहिए.

VI. चयन प्रक्रिया/मानदंड

क- बी.ई./बी.टेक/एम.ई/एम.टेक अंकों के आधार पर लघुसूचीकृत उम्मीदवारों को सीवीआरडीई, अवाडी, चेन्नै-600054 में लिखित परीक्षा में सम्मिलित होना होगा.

ख. जो उम्मीदवार लिखित परीक्षा में सफल नहीं होते हैं उन्हें साक्षात्कार हेतु विचारित नहीं किया जायेगा.

ग. उपरोक्त के अतिरिक्त, कोई अन्य चयन माध्यम/परीक्षा निदेशक, सीवीआरडीई के एकमात्र विवेकानुसार संचालित होगी.

घ. लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार में सम्मिलित होने के लिए अथवा सेवारंभ हेतु, यदि चयनित, कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता भुगतान नहीं किया जायेगा.

ङ. उम्मीदवारों के चयन के अन्तर्गत निदेशक, सीवीआरडीई द्वारा गठित कमेटी का निर्णय अन्तिम तथा सभी उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होगा.

VII. चेतावनी:

चयन प्रक्रिया के किसी चरण में पाये गये तथ्यों के अन्यथा प्रस्तुतीकरण अथवा मिथ्याकरण अथवा चयन प्रक्रिया के दौरान किसी चरण में कदाचार/दुर्व्यवहार की घटनाओं का परिणाम बगैर सूचना उम्मीदवारी का निरसन होगा और इस संबंध में किसी पत्रव्यवहार पर विचार नहीं किया जायेगा.

VIII. सामान्य अनुदेश:

क- आवेदकों को आयु, अनिवार्य योग्यताओं इत्यादि के संबंध में अपने पात्रता मानदंड को सुनिश्चित कर लेना चाहिए.

ख. केवल वे उम्मीदवार आवेदन करने हेतु पात्र हैं जिन्हें डिग्री अनंतिम प्रमाणपत्र अधिनिर्णीत हो चुका है.

ग. जिन्हें पहले किसी भी डीआरडीओ प्रयोगशालाओं/केंद्रों में जेआरएफ पद अधिनिर्णीत किया गया था वे पुनः आवेदन करने हेतु पात्र नहीं हैं.

घ. कोई संबद्ध अथवा समकक्ष अभियांत्रिकी विधा स्वीकार्य नहीं है. इसी तरह, केवल एम.ई. (अथवा) एम.टेक अभियांत्रिकी विधा, जो उनके बी.ई/बी.टेक अभियांत्रिकी विधा के सुसंगत है, स्वीकार्य है.

ङ. केवल नियत तिथि के अन्दर आवेदन कर चुके उम्मीदवारों को लघु सूचीकृत किया जायेगा और उन्हें आगे सीवीआरडीई में लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार हेतु ईमेल द्वारा सूचित किया जायेगा.

च. केवल लघुसूचीकृत उम्मीदवारों को सीवीआरडीई द्वारा प्रेषित सूचना की प्रति के साथ लिखित परीक्षा और साक्षात्कार में सम्मिलित होना होगा.

छ. उम्मीदवारों को सलाह है कि वे अद्यतनों के लिए समय-समय पर डीआरडीओ वेबसाइट **(https://drdo.gov.in)** देखते रहें.

ज. आवेदकों को सलाह है कि अपना पंजीकृत मोबाइल नंबर तथा ईमेल परिवर्तित नहीं करें क्योंकि महत्वपूर्ण सूचना के बारे में एसएमएस/ईमेल द्वारा सूचित किया जायेगा.

झ. उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व सत्यापन के लिए सभी मूल प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने होंगे. प्रलेखों का एक सेट (स्वयं-सत्यापित) प्रतिवेदन समय के दौरान जमा करना होगा.

ञ. उम्मीदवारों से अनुरोध है कि साक्षात्कार के समय पर मूल रूप में एक फोटो पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, चालन लाइसेंस, पासपोर्ट, पैन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र इत्यादि साथ लायें.

ट. अजा/अजजा/अपिव गैर क्रीमी लेयर से संबंधित उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारीकृत मूल जाति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा.

ठ. अध्येतावृत्ति के अधिनिर्णय को किसी उम्मीदवार द्वारा अधिकार मामले के रूप में दावा नहीं किया जायेगा. उम्मीदवार का चयन पूर्णरूपेण सीवीआरडीई का विवेकाधिकार होगा.

ड. अध्येतावृत्ति का प्रस्ताव प्रचलित नियमों के अनुसार एक सीमित अवधि के लिए शुद्ध रूप से अस्थायी स्वरूप में होगा और डीआरडीओ में आमेलन हेतु कोई अधिकार प्रदान नहीं करता है.

ढ. उम्मीदवार को सीवीआरडीई के अनुमोदन पर अध्येतावृत्ति की अवधि के दौरान किसी विश्वविद्यालय/संस्था के साथ अंशकालिक पीएच.डी. हेतु पंजीकरण करने की अनुमति दी जा सकती है.

ण. अनुसंधान अध्येतावृत्ति को एक माह की पूर्व सूचना के साथ अवधि के दौरान किसी भी समय समाप्त किया जा सकता है. अध्येता एक माह की पूर्व सूचना के साथ त्यागपत्र दे सकते हैं.

त. सीवीआरडीई इस विज्ञापन को संशोधित/आशोधित अथवा संक्षेपतः निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखती है.

थ. विवाद, यदि कोई, केवल उन न्यायालयों/न्यायाधिकरणों के अधीन होगा जिनके पास मद्रास/चन्नै (तमिलनाडु) का क्षेत्राधिकार है.

द. निदेशक, सीवीआरडीई बगैर पूर्व सूचना के उम्मीदवारी को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखते हैं.

ध. सीवीआरडीई, अवाडी चेन्नै मध्य रेलवे स्टेशन से 25 कि.मी. तथा क्लाम्बक्कम् बस स्टैंड से 38 कि.मी. की दूरी पर अवस्थित है.

X. महत्वपूर्ण ईमेल/संपर्क विवरण:

क. पत्र व्यवहार हेतु ई-मेल पता **pmhr.cvrde@gov.in** है.

ख. किसी अन्य संबंधित पूछताछ के लिए 044-26362136/044-26362144 पर कार्य दिवसों में (सोमवार से शुक्रवार तक) 09.30 बजे से -17.00 बजे तक संपर्क करें.

विज्ञा.सं. सीवीआरडीई/एचआर/जेआरएफ/2024-25

परिशिष्ट-I

डीआरडीओ में कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्ति के लिए आवेदन प्रपत्र

विषय/विधाः .....

नवीनतम पासपोर्ट आकार की फोटो चिपकाएं

1. पूरा नाम (स्पष्ट अक्षरों में):.....
2. पिता/पति का नामः .....
3. **(क)** वैवाहिक स्थिति (विवाहित/एकल): ..... **(ख)** राष्ट्रीयता:.....
4. **(क)** संवर्ग (सामान्य/अजा/अजजा/अपिव/शा.वि./थंड जेंडर) : .....
(ख) जन्म तिथि : .....**(ग)** आयु, आवेदन की तिथि के अनुसारः
वर्ष ..... माह ..... दिन .....
5. पत्र व्यवहार हेतु पता : .....
.....
.....
राज्यः ..... पिन कोडः .....
संपर्क विवरणः लैंडलाइन (एसटीडी कोड सहित) : ..... मोबाइल नं. :.....
ईमेल पताः .....
6. स्थायी आवासीय पताः .....
.....

.....

(शेष पृष्ठ 6 पर)

(पृष्ठ 4 का शेष)

क्रम सं.	पदों के नाम	रिक्ति की लगभग सं.	न्यूनतम एवं अधिकतम आयु (30.06.2024 के अनुसार)	अनिवार्य शैक्षिक अर्हताएं (30.06.2024 के अनुसार)	अर्हता बाद न्यूनतम अनुभव (30.06.2024 के अनुसार)
	प्रक्रिया सहायक ग्रेड-I (तकनीकी) (v) लुगदी एवं कागज विषय	06	18-28 वर्ष	किसी मान्यताप्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय/ एआईसीटीई द्वारा स्वीकृत पॉलिटेक्निक संस्थान से कागज एवं लुगदी प्रौद्योगिकी/ काष्ठ एवं कागज प्रौद्योगिकी में कुल 60% अंकों से 3 वर्षीय डिप्लोमा.	अनुभव अनिवार्य नहीं है.
1108	109042
1109	109057
1110	109068
1111	109073
1112	109087
1113	109093
1114	109095
1115	109117
1116	109126
1117	109133
1118	109157
1119	109168
1120	109199
1121	109217
1122	109241
1123	109271
1124	109293
1125	109340
1126	109363
1127	109384
1128	109399
1129	109404
1130	109425
1131	109426
1132	109440
1133	109450
1134	109454
1135	109462
1136	109468
1137	109470
1138	109477
1139	109482
1140	109489
1141	109504
1142	109508
1143	109576
1144	109594
1145	109606
1146	109685
1147	109706
1148	109718
1149	109735
1150	109739
1151	109798
1152	109803
1153	109856
1154	109879
1155	109884
1156	109935
1157	109938
1158	109945
1159	109951
1160	109967
1161	109988
1162	110008
1163	110014
1164	110034
1165	110036
1166	110043

S.No.	Roll No.
1167	110048
1168	110062
1169	110089
1170	110098
1171	110126
1172	110134
1173	110196
1174	110214
1175	110249
1176	110268
1177	110309
1178	110326
1179	110344
1180	110348
1181	110349
1182	110355
1183	110380
1184	110452
1185	110455
1186	110464
1187	110565
1188	110569
1189	110588
1190	110591
1191	110599
1192	110664
1193	110673
1194	110676
1195	110740
1196	110803
1197	110804
1198	110857
1199	110906
1200	110948
1201	110994
1202	111023
1203	111027
1204	111037
1205	111083
1206	111123
1207	111138
1208	111148
1209	111159
1210	111163
1211	111164
1212	111217
1213	111296
1214	111319
1215	111365
1216	111384
1217	111409
1218	111420
1219	111422
1220	111450
1221	111475
1222	111527
1223	111529
1224	111538
1225	111564
1226	111597
1227	111620
1228	111643

S.No.	Roll No.
1229	111660
1230	111675
1231	111685
1232	111753
1233	111763
1234	111856
1235	111906
1236	111922
1237	111949
1238	111971
1239	111989
1240	112014
1241	112020
1242	112054
1243	112157
1244	112163
1245	112190
1246	112202
1247	112227
1248	112231
1249	112241
1250	112270
1251	112373
1252	112377
1253	112404
1254	112428
1255	112453
1256	112455
1257	112479
1258	112485
1259	112514
1260	112519
1261	112523
1262	112528
1263	112545
1264	112546
1265	112570
1266	112633
1267	112649
1268	112738
1269	112756
1270	112764
1271	112789
1272	112803
1273	112833
1274	112834
1275	112836
1276	112838
1277	112848
1278	112855
1279	112867
1280	112882
1281	112888
1282	112899
1283	112909
1284	112939
1285	112943
1286	112993
TOTAL : 1286	

प्रावधिक भाग–ब के लिए विज्ञापित पदों के 03 गुना + समान अंक प्राप्त प्रावधिक रूप से साक्षात्कार हेतु अर्ह कुल - 313 अभ्यर्थियों की अनुक्रमांकवार सूची निम्नानुसार है :-

MADHYA PRADESH PUBLIC SERVICE COMMISSION
STATE SERVICE MAIN EXAM 2022 PART B (PROVISIONAL)
ROLL NUMBER WISE LIST OF CANDIDATES QUALIFIED FOR INTERVIEW

S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.
1	100021	41	101427	81	103019	121	103983	161	105217	201	106604	241	108113	278	110063
2	100111	42	101586	82	103054	122	103988	162	105243	202	106629	242	108125	279	110084
3	100158	43	101679	83	103065	123	104016	163	105271	203	106722	243	108159	280	110433
4	100163	44	101682	84	103070	124	104023	164	105293	204	106760	244	108199	281	110442
5	100168	45	101688	85	103095	125	104058	165	105321	205	106812	245	108211	282	110443
6	100177	46	101711	86	103103	126	104064	166	105325	206	106819	246	108263	283	110594
7	100185	47	101721	87	103116	127	104119	167	105327	207	106845	247	108308	284	110684
8	100197	48	101742	88	103120	128	104172	168	105378	208	106911	248	108313	285	110696
9	100213	49	101780	89	103121	129	104183	169	105379	209	106960	249	108322	286	110704
10	100285	50	101806	90	103165	130	104188	170	105383	210	106967	250	108402	287	110723
11	100288	51	101848	91	103166	131	104195	171	105423	211	106984	251	108428	288	110805
12	100401	52	101858	92	103231	132	104215	172	105435	212	107001	252	108449	289	110839
13	100405	53	101905	93	103236	133	104253	173	105449	213	107018	253	108466	290	110850
14	100408	54	101915	94	103261	134	104301	174	105461	214	107127	254	108469	291	110912
15	100419	55	102020	95	103344	135	104310	175	105462	215	107129	255	108487	292	110919
16	100464	56	102072	96	103350	136	104320	176	105469	216	107188	256	108536	293	111200
17	100483	57	102171	97	103391	137	104332	177	105496	217	107198	257	108550	294	111226
18	100523	58	102177	98	103511	138	104335	178	105549	218	107255	258	108560	295	111262
19	100529	59	102187	99	103566	139	104350	179	105597	219	107383	259	108820	296	111484
20	100548	60	102228	100	103580	140	104441	180	105622	220	107394	260	108833	297	111547
21	100554	61	102244	101	103584	141	104463	181	105720	221	107518	261	108939	298	111571
22	100560	62	102270	102	103608	142	104515	182	105805	222	107552	262	108942	299	111736
23	100566	63	102292	103	103613	143	104523	183	105956	223	107573	263	108945	300	111745
24	100647	64	102322	104	103652	144	104566	184	105967	224	107652	264	108993	301	112072
25	100731	65	102325	105	103690	145	104622	185	106042	225	107659	265	109155	302	112094
26	100743	66	102338	106	103699	146	104627	186	106069	226	107660	266	109206	303	112144
27	100783	67	102344	107	103716	147	104679	187	106124	227	107700	267	109245	304	112342
28	100908	68	102384	108	103737	148	104721	188	106148	228	107709	268	109296	305	112543
29	100995	69	102553	109	103753	149	104737	189	106177	229	107765	269	109336	306	112634
30	101033	70	102608	110	103766	150	104743	190	106282	230	107774	270	109364	307	112641
31	101135	71	102616	111	103782	151	104745	191	106284	231	107816	271	109413	308	112650
32	101196	72	102630	112	103796	152	104822	192	106289	232	107862	272	109416	309	112742
33	101298	73	102695	113	103831	153	104839	193	106343	233	107891	273	109423	310	112831
34	101359	74	102718	114	103844	154	104893	194	106382	234	107921	274	109455	311	112839
35	101365	75	102735	115	103845	155	105003	195	106404	235	107954	275	109490	312	112875
36	101384	76	102736	116	103892	156	105038	196	106408	236	107990	276	109807	313	112907
37	101386	77	102888	117	103906	157	105093	197	106418	237	108003	277	109946	**TOTAL : 313**	
38	101393	78	102937	118	103914	158	105109	198	106442	238	108027				
39	101396	79	102982	119	103930	159	105178	199	106469	239	108088				
40	101397	80	102992	120	103980	160	105215	200	106589	240	108106				

साक्षात्कार हेतु अभिलेख प्रेषित करने के निर्देश :-

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर

परिशिष्ट प्रपत्र - 01

विज्ञापन क्रमांक :- 11/2022 दिनांक 30.12.2022	**परीक्षा का नाम :- राज्य सेवा परीक्षा - 2022**
आवेदन क्रमांक/अनुक्रमांक	**अभ्यर्थी का नाम :- .....**

स. क्र.	दस्तावेज का विवरण	संलग्न दस्तावेजों के पृष्ठ क्रमांक	संलग्नक पृष्ठों की कुल संख्या
1.	उपरोक्त परीक्षा के लिए भरे गए प्रारंभिक तथा मुख्य परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन पत्र की छायाप्रति।	पृष्ठ क्र.....से ..... तक	.....
2.	उपरोक्त परीक्षा के प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा के प्रवेश पत्र की छायाप्रति।	पृष्ठ क्र.....से ..... तक	.....
3.	उपस्थिति पत्रक - 1 मूल प्रति।	पृष्ठ क्र.....से ..... तक	.....
4.	व्यक्तिगत विवरण पत्रक - 1 मूल प्रति एवं 5 छायाप्रतियां। (केवल मूल प्रति पर नम्बरिंग अंकित करना है। छायाप्रतियों पर नम्बरिंग नहीं करना है।)	पृष्ठ क्र.....से ..... तक	.....
5.	अनुप्रमाणन फॉर्म - 3 मूल प्रति।	पृष्ठ क्र.....से ..... तक	.....
6.	हाईस्कूल की अंकसूची। (छायाप्रति)	पृष्ठ क्र.....से ..... तक	.....
7.	हायर सेकेण्डरी की अंकसूची। (छायाप्रति)	पृष्ठ क्र.....से ..... तक	.....
8.	स्नातक/स्नातकोत्तर की समस्त वर्षों की अंकसूचियां एवं उपाधि। (मुख्य परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 20.06.2023 तक जारी अंकसूची एवं उपाधि) (छायाप्रति)	पृष्ठ क्र.....से ..... तक	.....
9.	म.प्र. शासन की सेवा में सेवारत होने की स्थिति में शासकीय सेवक हेतु अभिवचन पत्र - 01 मूल प्रति।	पृष्ठ क्र.....से ..... तक	.....
10.	घोषणा पत्र (किसी भी चयन / परीक्षा में विवर्जित (Debar) नहीं होने संबंधी) - 01 मूल प्रति।	पृष्ठ क्र.....से ..... तक	.....
11.	म.प्र. का मूल निवासी होने की स्थिति में अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को क्रीमीलेयर श्रेणी के अंतर्गत न आने संबंधी प्रस्तुत किए जाने वाला घोषणा पत्र - 01 मूल प्रति।	पृष्ठ क्र.....से ..... तक	.....
12.	मध्यप्रदेश के मूल निवासी होने की स्थिति में म.प्र. राज्य का रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण-पत्र। (आयोग कार्यालय में अभिलेख प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक का जारी प्रमाण पत्र) (छायाप्रति)	पृष्ठ क्र.....से ..... तक	.....
13.	मूल निवासी/स्थानीय निवासी प्रमाण-पत्र की प्रति। (प्रमाण-पत्र में प्रकरण क्रमांक, गोलसील, जावक क्रमांक, दिनांक का उल्लेख होना आवश्यक है।) (प्रारंभिक परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 16.02.2023 तक का जारी प्रमाण पत्र।)। (छायाप्रति)	पृष्ठ क्र.....से ..... तक	.....
14.	महिला आवेदकों हेतु विवाहोपरांत उपनाम परिवर्तन की स्थिति में शपथ पत्र की प्रति। (छायाप्रति)	पृष्ठ क्र.....से ..... तक	.....
15.	आरक्षित श्रेणी होने की स्थिति में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी म.प्र. शासन का जाति प्रमाण पत्र। विवाहित महिलाओं के मामले में स्वयं के नाम के साथ पिता के नाम का जाति प्रमाण पत्र। (जाति प्रमाण पत्र में जारी करने की दिनांक, गोल सील, एवं प्रकरण क्रमांक का उल्लेख होना आवश्यक है। अन्य राज्य के जारी जाति प्रमाण पत्र मान्य नहीं होंगे।) (म.प्र. शासन की सेवाओं हेतु निर्धारित प्रारूप में जाति प्रमाण- पत्र मान्य होंगे)। (प्रारंभिक परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 16.02.2023 तक का जारी प्रमाण पत्र।)। (छायाप्रति)	पृष्ठ क्र.....से ..... तक	.....

(शेष पृष्ठ 19 पर)

मध्यप्रदेश में स्टेट टाइगर फोर्स को मिली भारी सफलता

भोपाल, स्टेट टाइगर फोर्स मध्यप्रदेश, भोपाल एवं क्षेत्रीय इकाई इंदौर द्वारा 25 मई, 2024 को अनुसूची-IV में सूचीबद्ध दुर्लभ जीवित प्राणी इगुआना एवं एंपरर स्कॉर्पियन को जप्त कर वन्य-जीव (संरक्षण) अधिनियम-1972 यथा संशोधित-2022 की धारा-49 एम, 49 क्यू तथा CITES जीवित प्राणी प्रजातियाँ संबंधी नियम-2024 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया था। उक्त प्रकरण में अग्रिम कार्रवाई करते हुए गिरोह के मुख्य सरगना कार्तिक निवासी दिल्ली को 8 जून, 2024 को गिरफ्तार कर विशेष न्यायालय इंदौर के समक्ष पेश कर फॉरेस्ट पुलिस द्वारा रिमांड पर लिया गया।

उक्त आरोपी की निशानदेही पर प्रदेश के बाहर बुलंदशहर (उत्तरप्रदेश) में कार्यवाही करते हुए 9 जून, 2024 को भारी मात्रा में अनुसूची-IV में सूचीबद्ध दुर्लभ जीवित प्राणी प्रजातियों इगुआना, सनकोन्यूर, एगापोर्निस बर्ड, किकिनियन-सेण्डबोआ, सवाना लिजार्ट, एंपरर स्कॉर्पियन, टेरन्टोला स्पाइडर एवं अनुसूची-I एवं II में सूचीबद्ध प्रतिबंधित भारतीय वन्य-प्राणी प्रजातियों यलो मोनिटर, ब्लैक काइट, वाटर मोनिटर को जप्त किया गया एवं एक और आरोपी को गिरफ्तार किया तथा गिरोह के पास से 40 से ज्यादा प्राणी प्रजातियों के नमूने जप्त किये गये।

प्रकरण में लिप्त गिरोह द्वारा परिवेश 1.0 एवं परिवेश 2.0 में छद्मरूपण (Impersonation) एकाउंट बनाकर भारी मात्रा में दुर्लभ विदेशी प्राणी प्रजातियों के अवैध व्यापार देश के अलग-अलग राज्यों में बिना किसी पुख्ता दस्तावेजों के किया गया। देश के बाहर अन्य राज्यों में भी कार्रवाई की जा रही है।

जल धरोहरों को सहेजना एवं संवारना हम सभी का है मुख्य दायित्व - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जबलपुर में आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान को संबोधित किया

भोपाल, प्रदेश के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों के प्रति सरकार प्रतिबद्ध है। यही कारण है कि विश्व पर्यावरण दिवस को एक दिवसीय कार्यक्रम के रूप में न मनाकर 'जल-गंगा संवर्धन अभियान' के रूप में 5 जून से 16 जून का सम्पूर्ण पखवाड़ा जल संरक्षण एवं संवर्धन के रूप में मनाने का फैसला लिया है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जबलपुर के बाजना मठ में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान में संपूर्ण प्रदेश के प्रत्येक जिले में नदी, तालाबों, चैकडेम पुरानी बावड़ियों की जनसहयोग से साफ-सफाई तथा जल संरचनाओं के पुनर्जीवन का महाभियान सम्पूर्ण प्रदेश में जारी है।

जनसभा की शुरुआत में मुख्यमंत्री ने 1373 करोड़ के 48 विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के समक्ष ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत कुंडम की महिला स्व-सहायता समूह द्वारा कोदो-कुटकी के उत्पादों को सांची पार्लर में विक्रय करने दुग्ध संघ के साथ करार भी किया गया तथा विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को लाभांवित भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पृथ्वी में मनुष्य रूप में जन्म लेना सौभाग्य की बात है। मनुष्य के लिए सम्पूर्ण पृथ्वी ही उसका घर है। उन्होंने कहा कि इस दृष्टि से पृथ्वी की जल धरोहर को संवारने एवं सहजने का हम सबका दायित्व है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सरकार जनता की बेहतरी एवं सामाजिक सरोकार की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास के लिए कोई भी कसर सरकार नहीं छोड़ेगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि उद्योगों के निर्माण एवं रोज़गार सृजन की दिशा में सरकार लगातार ठोस कदम उठायेगी। डॉ. यादव द्वारा उपस्थित जन समुदाय के समक्ष जल्द ही जबलपुर से रीवा, भोपाल तथा सिंगरौली के लिए एयर टैक्सी सेवा प्रारंभ करने की घोषणा की गई।

विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन

मुख्यमंत्री द्वारा 693.62 करोड़ रुपये लागत की छिताखुरी बांध योजना एवं कॉम्प्लेक्स, 7.50 करोड़ रुपये लागत के अमर एग्रो ग्रेन्स एलएलपी हरगढ़ जबलपुर, 4.50 करोड़ लागत का त्रिगुण एग्री फूड्स प्रायवेट लिमिटेड, 2.75 करोड़ रुपये लागत के शिवाय राईस एण्ड जनरल मिल्स प्रायवेट लिमिटेड हरगढ़ जबलपुर, 1.65 करोड़ रुपये लागत के अमर एग्रो ग्रेन्स एलएलपी हरगढ़ जबलपुर, 2.53 करोड़ रुपये लागत के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बरेला, कायाकल्प अभियान अंतर्गत 6.94 करोड़ रुपये लागत के विभिन्न सीसी रोडों के निर्माण कार्यों सहित 85 लाख रुपये लागत के वॉटर बॉडी रिज्युविनेशन परियोजना बरेला का लोकार्पण किया गया।

मुख्यमंत्री ने की नवनियुक्त केंद्रीय मंत्रियों से भेंट

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई दिल्ली में नवनियुक्त केंद्रीय मंत्रियों से भेंट की। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार, श्री शिवराज सिंह चौहान एवं अन्य मंत्रियों से उनके निवास जाकर भेंट की। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त केंद्रीय मंत्रियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और आशा की कि उनके मंत्रालय के सहयोग से मध्यप्रदेश में प्रगति के नए आयाम स्थापित होंगे। मुख्यमंत्री ने हरियाणा स्टेट गेस्ट हाउस में केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर,केंद्रीय कैबिनेट मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय मंत्री श्री चिराग पासवान से उनके निवास पर भेंट कर बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, केंद्रीय मंत्री श्री प्रहलाद जोशी और अन्य केंद्रीय मंत्रियों से भी सौजन्य भेंट की।

उप मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में उप समिति गठित

भोपाल, राज्य शासन द्वारा शव वाहन संचालन योजना के सुझाव के लिए उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल की अध्यक्षता में चार सदस्यीय मंत्रिपरिषद् उप समिति का गठन किया गया है। समिति में नगरीय विकास एवं आवास, संसदीय कार्य विभाग मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम विभाग मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल, खेल एवं युवा कल्याण, सहकारिता विभाग मंत्री श्री विश्वास सारंग शामिल हैं। अपर मुख्य सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग इस समिति के सचिव होंगे। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा तैयार योजना को 11 मार्च 2024 को मंत्रिपरिषद द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। समिति योजना के समस्त पहलुओं पर सुझाव देगी।

ग्रामोद्योग गतिविधियों से स्वरोज़गार को बढ़ावा दिया जायेगा

भोपाल, कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि कुटीर एवं ग्रामोद्योग गतिविधियों के माध्यम से प्रदेश में स्व-रोज़गार गतिविधियों को बढ़ावा दिया जायेगा। उन्होंने शिल्प गतिविधियों के आधार पर जिलेवार प्रोजेक्ट तैयार किये जाने के निर्देश मंत्रालय में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में दिये।

श्री जायसवाल ने कहा कि प्रदेश में बड़ी संख्या में हस्तशिल्प और हथकरघा के शिल्पी उपलब्ध हैं। आवश्यकता उनके द्वारा उत्पादित सामग्री को बाजार मुहैया कराये जाने की है। उन्होंने कहा कि हस्तशिल्प विकास निगम सहित विभाग के सभी शोरूम पर सभी तरह की उत्पादित सामग्री को प्रदर्शित और विक्रय के लिये उपलब्ध कराया जाये। इससे उत्पादों को अच्छे दामों पर विक्रय किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि रेशम उत्पादन गतिविधियों से जुड़ी महिलाओं को लखपति दीदी बनाया जायेगा। उन्होंने रेशम उत्पादन केन्द्रों को पीपीपी मोड पर विकसित करने की संभावनाएं तलाशने के भी निर्देश अधिकारियों को दिये। वर्तमान में प्रदेश में 60 मीट्रिक टन कुकुन का उत्पादन हो रहा है। श्री जायसवाल ने कहा कि शहडोल संभाग और उसके सीमावर्ती जिलों में बड़ी संख्या में कालीन उद्योग से जुड़े हुए कारीगर हैं। इनको तकनीकी और आर्थिक सहयोग मुहैया कराये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने शहडोल में कालीन पार्क की कार्य-योजना तैयार करने के निर्देश दिये हैं।

18वें मुंबई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में फिल्म 'अजय ध्वजा' का प्रदर्शन

भोपाल, जनसम्पर्क विभाग, मध्यप्रदेश के उपक्रम मध्यप्रदेश माध्यम द्वारा निर्मित डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'अजय ध्वजा' 18वें मुंबई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल 2024 (मिफ) में दिखाई जाएगी। विश्व के चुनिंदा फिल्म फेस्टिवल्स में शामिल मिफ का शुभारंभ 15 जून को शाम 5 बजे मुंबई के नेशनल परफोर्मिंग आर्ट्स सेंटर में हुआ।

फिल्म अजय ध्वजा का चयन 'भारत अमृत काल में' केटेगरी में किया गया है। फिल्म में भारत देश के राष्ट्रीय ध्वज की गौरवगाथा और इतिहास का विस्तार से संगीतमय चित्रण किया गया है। फिल्म का निर्देशन और छायांकन मध्यप्रदेश माध्यम के फिल्म प्रभाग के शाखा प्रमुख संजय विजयवर्गीय ने किया है। उनकी कई फिल्मों को अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है।

मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश भवन में नवनिर्वाचित लोकसभा सदस्यों से की सौजन्य भेंट

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिल्ली प्रवास के दौरान मध्यप्रदेश भवन में 18वीं लोकसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों से सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री ने नवनिर्वाचित सदस्यों को लोकसभा चुनाव-2024 में विजयी होने पर शुभकामनाएं दीं। लोकसभा सांसदों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्रम् भेंट किया। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल भी उपस्थित थे।

जनसहयोग से हो रहा है नदियों एवं तालाबों का जीर्णोद्धार

भोपाल, मध्यप्रदेश में जल संरक्षण के प्रति बढ़ती हुई जन चेतना का परिदृश्य साफ दिखाई दे रहा है। मुरैना जिले से लेकर बालाघाट तक तथा अलीराजपुर जिले से लेकर सिंगरौली तक जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नदियों एवं तालाबों में जीर्णोद्धार, गहरीकरण और मरम्मत का कार्य सघन रूप से किया जा रहा है। समस्त जिला अधिकारियों द्वारा अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर ली गई है, जिसके तहत सभी नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रवाहित होने वाली नदियों, उनमें मिलने वाली सहायक नदियों एवं जल संरचनाओं का पुनर्जीवीकरण एवं संरक्षण का कार्य किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा पर्यावरण दिवस पर शुरू किए गए जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रदेशभर में जल-स्रोतों के संरक्षण और साफ-सफाई के साथ-साथ व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण किया जा रहा है। गंगा दशहरा 16 जून तक संचालित किये जा रहे इस विशेष अभियान के अंतर्गत 3 हजार 90 करोड़ लागत के जल संरक्षण के 990 कार्य प्रदेश में आरंभ होंगे। प्रत्येक जिले, विकासखंड और पंचायत स्तर पर जल संरचनाओं की मरम्मत, पर्यावरण संरक्षण और पौधरोपण के लिए जनभागीदारी से गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए जा रहे कदम

जल-स्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए चलाये जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तीसरे दिन इंदौर जिले में जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट द्वारा झलारिया ग्राम में 32 लाख रुपये की लागत के घाट निर्माण और तालाब के सौंदर्यीकरण के कार्य के साथ इस अभियान की शुरुआत की गई। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल द्वारा नदियों के उद्गम स्थल कि मानस यात्रा कर जल संरचनाओं के संरक्षण का संदेश दिया गया है। 'जल गंगा संवर्धन' अभियान के तहत ग्वालियर संभाग आयुक्त डॉ. सुदाम खाड़े सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों एवं आमजन ने मुरार नदी के जीर्णोद्धार हेतु श्रमदान किया। टीकमगढ़ जिले में कलेक्टर श्री अवधेश शर्मा द्वारा ग्राम पंचायत गोपालपुरा में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत वृक्षारोपण तथा जल संरचनाओं की साफ-सफाई का कार्य प्रारंभ किया गया। कलेक्टर श्री शिलेन्द्र सिंह ने जल संरक्षण का संदेश दिया।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

मुख्यमंत्री महाराणा प्रताप की जन्म जयंती समारोह में हुए शामिल

महाराणा प्रताप स्वाभिमान से जिये कभी स्वतंत्रता के साथ समझौता नहीं किया

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुजालपुर में महाराणा प्रताप की जन्म जयंती पर आयोजित समारोह में शामिल हुए

भोपाल, तमाम तरह के मुगल आक्रमण के बाद भी महाराणा प्रताप घास की रोटी खाकर स्वाभिमान के साथ जिये, पर उन्होंने कभी स्वतंत्रता के साथ समझौता नहीं किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शाजापुर जिले के शुजालपुर में महाराणा प्रताप की जन्म जयंती पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए यह बात कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन जितना पढ़ो उतना कम है। महाराणा प्रताप जीते-जी किवदंती बन गये। वे जब युद्ध में 76 किलो का कवच, 80 किलो का भाला और 2 तलवार लेकर उतरते थे, तो उनके सामने मुकाबला करने से हर दुश्मन कतराता था। महाराणा प्रताप के घोड़े चेतक से भी उनकी मित्रता का उदाहरण दुनिया में आज भी अद्वितीय है। तमाम प्रकार के मुगलों के आक्रमण एवं आतंक के बाद भी महाराणा प्रताप घास की रोटी खाकर स्वाभिमान के साथ जिये, लेकिन उन्होंने स्वतंत्रता के साथ समझौता नहीं किया। ऐसे शूरवीर महापुरुष महाराणा प्रताप की जन्म जयंती हम मना रहे हैं, यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है। लोकतंत्र में इसका महत्व है कि महाराणा प्रताप से प्रेरणा पाकर सेठ-साहूकारों ने उस समय अपना पूरा खजाना महाराणा प्रताप को भेंट कर दिया था। भामाशाह इसके उदाहरण हैं, जिन्होंने अपना पूरा खजाना महाराणा प्रताप को भेंट कर दिया था। महाराणा प्रताप सबको लेकर चलते थे। सारे समुदाय में महाराणा प्रताप आदर के केन्द्र बिन्दु थे। नवीन शिक्षा नीति में महाराणा प्रताप को स्थान दिया है। महाराणा प्रताप को अब विद्यालयों में पढ़ाया जा रहा है, जिससे अगली पीढ़ी को महाराणा प्रताप को जानने का मौका मिलेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आर्मी में नायक के पद पर तैनात मेवाड़ा समाज के शहीद के स्मारक बनाने सहित छात्रावास की भूमि, महाराणा प्रताप की प्रतिमा की स्थापना एवं चौराहे का नामकरण किया जायेगा। जो भी मांगें रखी गई हैं, उन्हें प्रक्रिया के अनुसार पूरा किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मेवाड़ा समाज की पत्रिका प्रताप वार्ता का विमोचन भी किया।

'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत किये गये कार्यों के चित्रों की प्रदर्शनी भी लगाई गई थी, जिसका शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया।

मुख्यमंत्री ने 'जल गंगा संवर्धन' अभियान के तहत शाजापुर जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में किए गए उत्कृष्ट कार्य की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों के कार्य की प्रशंसा की।

प्रमुख सचिव खनिज ने कमिश्नर-कलेक्टर्स को दिए निर्देश

अवैध उत्खनन एवं भण्डारण की रोकथाम के लिये निगरानी प्रणाली विकसित होगी

भोपाल, जिन क्षेत्रों में रेत खनिज उपलब्ध है और उन्हें अब तक खदान के रूप में घोषित नहीं किया गया है ऐसे सभी क्षेत्रों को 15 जुलाई 2024 तक खदान घोषित किए जाने के निर्देश सभी कमिश्नर-कलेक्टर्स को दिये गए हैं। प्रमुख सचिव खनिज श्री निकुंज श्रीवास्तव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी कमिश्नर-कलेक्टर्स को इस संबंध में निर्देश दिए। प्रमुख सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर अवैध उत्खनन और परिवहन पर नियंत्रण करने के निर्देश दिये गये हैं।

प्रमुख सचिव श्री श्रीवास्तव ने कहा कि कलेक्टर्स को अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर प्रभावी रोकथाम के निर्देश और मार्गदर्शन दिया गया है। पानी के भीतर किसी भी प्रकार के उत्खनन (इन-स्ट्रीम माइनिंग) को सख्ती से रोका जाये। साथ ही उपयुक्त स्थानों पर जाँच चौकियों की स्थापना एवं मानसून के दौरान निर्माण कार्यों को जारी रखने के लिये रेत भण्डारण की पर्याप्त व्यवस्था बनाये रखने के लिये कहा।

श्री श्रीवास्तव ने कहा कि खनिज साधन विभाग द्वारा अवैध उत्खनन एवं भण्डारण की रोकथाम के लिये Geo Spatial Technology का उपयोग कर खनन निगरानी प्रणाली विकसित की जा रही है। इस प्रणाली के अंतर्गत खदानों को जियो टैग कर सेटेलाइट इमेजेस एवं रिमोट सेंसिंग टेक्नोलॉजी की सहायता से प्रदेश में हो रहे अवैध उत्खनन एवं भण्डारण पर निगरानी रखी जायेगी। उन्होंने बताया कि यह प्रणाली खाद्यान्न के क्षेत्र के बाहर हो रहे अवैध उत्खनन का पता लगाने में सक्षम होगी।

देश की सबसे बड़ी एथेन क्रैकर परियोजना सह पेट्रोकेमिकल परिसर आष्टा में

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की गेल कंपनी के उच्चाधिकारियों के साथ बैठक

भोपाल, गैस अथॉरिटी इंडिया लिमिटेड (गेल) द्वारा सीहोर जिले की आष्टा तहसील में लगाई जाने वाली देश की सबसे बड़ी एथेन क्रैकर परियोजना को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वीकृति प्रदान की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना से स्थानीय लोगों को रोज़गार मिलेगा और प्रदेश के औद्योगिकीकरण को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने परियोजना के लिए आवश्यक भूमि आवंटन की शीघ्र कार्यवाही के निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि सीहोर जिले की आष्टा तहसील में लगभग 60 हजार करोड़ रुपये के निवेश से निर्मित होने वाली यह परियोजना देश की सबसे बड़ी एथेन क्रैकर परियोजना होगी। इस परियोजना में ग्रीन फील्ड पेट्रोकेमिकल परिसर भी प्रस्तावित है। इसके अंतर्गत एलएलडीपीई, एचडीपीई, एमईजी और प्रोपेलीन जैसे पेट्रोकेमिकल्स का उत्पादन होगा।

इस परियोजना से निर्माण अवधि के दौरान 15,000 व्यक्तियों तथा संचालन अवधि के दौरान लगभग 5,600 व्यक्तियों को रोज़गार मिलेगा। परियोजना में 70 हेक्टेयर की टाउनशिप भी प्रस्तावित है। परियोजना का भूमिपूजन आगामी फरवरी तक तथा वाणिज्यिक उत्पादन वित्त वर्ष 2030-31 में प्रारंभ होने की संभावना है।

शासकीय सेवकों की कार्यशैली में मानवीयता एवं संवेदना जरूरी

भोपाल, शासकीय अधिकारी-कर्मचारी इस भावना से कार्य करें कि वे सरकार के नहीं समाज के सेवक हैं। उनकी कार्यशैली में मानवीयता व संवेदना का सदैव प्रकटीकरण होना चाहिए। शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों को प्राप्त अधिकार जन-आकांक्षाओं और जनहित की पूर्ति के लिए हैं और उनकी जनता के प्रति जवाबदारी है। शासकीय सेवा बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करती है साथ ही यह परीक्षा भी लेती है। सामान्यत: व्यक्ति जब अधिकार संपन्न होता है तो उसमें ठहराव और स्थिरता का भाव आ जाता है, जबकि हमें निरंतर सचेत और सक्रिय रहना है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रशासन अकादमी भोपाल में भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय वन सेवा, राज्य सेवा अधिकारियों के संयुक्त आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों से सुशासन के लिए कार्य करने की अपेक्षा है। उन्होंने सुशासन की व्याख्या करते हुए कहा कि लोकहित में किया कार्य ही सुशासन है।

जल से हमारी पीढ़ियां समृद्ध हुई हैं - श्री पटेल

भोपाल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल जल-गंगा संवर्धन अभियान के तहत नदियों के उद्गम स्थलों की मानस यात्रा कर रहे हैं। कभी स्वयं ट्रैक्टर चलाकर तो कभी दुर्गम चोटी पर पैदल चढ़ाई कर वे नियमित रूप से उद्गम स्थलों के दर्शन कर वहाँ पौधरोपण कर रहे हैं। श्री पटेल जन समुदाय से चर्चा कर उन्हें जल संरक्षण के प्रति नई चेतना और ऊर्जा से भरने के लिए जन जागृति कार्यक्रम में भी सहभागी बना रहे हैं। मानस यात्रा के चौथे दिन मंत्री श्री पटेल ने रायसेन जिले के ग्राम अमरावत खुर्द रीछन (पलकमती) नदी उद्गम स्थल पहुंचकर जनसंवाद किया।

श्री सारंग ने एमपीपीएससी की टॉपर ज्योति को दी बधाई

भोपाल, सहकारिता और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग-2021 की परीक्षा में शीर्ष 10 प्रतिभागियों में शामिल ज्योति राजौरे के घर पहुंचकर शुभकामनाएं दीं। नरेला विधानसभा स्थित वर्धमान ग्रीन पार्क निवासी श्रीमती ज्योति राजौरे ने 10 वीं रैंक प्राप्त की है। श्री सारंग ने बधाई देते हुए कहा कि यह नरेला परिवार के लिये गर्व का विषय है कि श्रीमती ज्योति राजौरे ने एमपीपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर 10वीं रैंक हासिल की। उन्होंने बताया कि होम्योपैथिक डॉक्टर के रूप में कार्य करते हुए ज्योति ने परीक्षा की तैयारी की। यह सफलता युवाओं के लिये प्रेरणादायी है।

सशक्त भारत के निर्माण के संकल्प से श्री मोदी तीसरी बार बने प्रधान सेवक

भोपाल, श्री नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में तीसरे कार्यकाल की शुरुआत करने पर उपमुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने शुभकामनाएं दी हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में 'विकसित भारत' का विजन साकार हो रहा है। आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक, औद्योगिक, कृषि, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, वैश्विक संबंध सहित सभी क्षेत्रों में भारत ने अभूतपूर्व प्रगति की है। विश्व के हर कोने में निवासरत भारतवंशियों को गौरव की अप्रतिम अनुभूति हुई है। नागरिकों के विश्वास, सशक्त आत्मनिर्भर भारत के स्वप्न को साकार करने की सोच का ही यह नतीजा है कि उन्होंने पुन: प्रधानमंत्री श्री मोदी को प्रधान सेवक के रूप में चुना है।

भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में पिछले वर्षों में देश ने असाधारण प्रगति की है। उनकी दूरदर्शी सोच और दृढ़ निश्चय ने भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। यह कार्यकाल ऐतिहासिक रहा है। प्रत्येक नागरिक को विश्वास है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का तृतीय कार्यकाल देश को प्रगति के नये शिखर पर ले जाएगा।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत की आर्थिक संरचना और मजबूत होगी। तकनीकी नवाचार और डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा मिलेगा।

नेमावर के सिद्धेश्वर महादेव मंदिर का होगा जीर्णोद्धार

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव देवास जिले के नेमावर में 'जल-गंगा संवर्धन अभियान' में कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने नर्मदा नदी पर पूजा-अर्चना करने के पश्चात घाट पर साफ-सफाई की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां के ऐतिहासिक सिद्धेश्वर महादेव मंदिर का जीर्णोद्धार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 05 जून से 16 जून गंगा दशहरा तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इसमें नदी, नालों और ऐतिहासिक एवं पारम्परिक जल संरचनाओं, तालाब, झील, कुआं, बावड़ी आदि के संरक्षण, पुनर्जीवन के लिए कार्य किया जा रहा है तथा उनकी साफ-सफाई गहरीकरण का कार्य भी किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देवास जिले में लगभग 05 करोड़ 65 लाख रुपये की राशि से लगभग 3078 जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार के कार्य किए जा रहे हैं। इनमें नगरीय क्षेत्र में लगभग 01 करोड़ 78 लाख की राशि से 650 संचनाओं पर कार्य किया जा रहा है। साथ ही लगभग 01 करोड़ 68 रुपये की राशि से लगभग 2400 से अधिक जल संरचनाओं का गहरीकरण व साफ-सफाई की जा रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नेमावर में 'जल-गंगा संवर्धन अभियान' कार्यक्रम में शामिल हुए

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद के निर्णय

ऊर्जा उपभोक्ताओं के लिए 24 हजार 420 करोड़ रुपये की सब्सिडी का निर्णय

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक मंत्रालय में हुई। मंत्रिपरिषद ने मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा 06 मार्च 2024 को जारी टैरिफ आदेश से वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये लागू विद्युत दरों में राज्य शासन की सब्सिडी देने का निर्णय लिया है। विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभिन्न श्रेणियों के उपभोक्ताओं को ऊर्जा विभाग के बजट से सब्सिडी दी जाएगी। मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए विद्युत दरों का निर्धारण किया है, जो 1 अप्रैल, 2024 से प्रभावशील हो गई है। सब्सिडी दिए जाने पर वर्ष 2024-25 में 24,420 करोड़ रुपये का वित्तीय भार आयेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में मंत्रिपरिषद की बैठक हुई सम्पन्न

चिकित्सीय विशेषज्ञों के पदों की पूर्ति की मंजूरी

मंत्रिपरिषद ने स्वास्थ्य संस्थाओं में 46491 नवीन पदों (नियमित/संविदा/आउटसोर्स) के सृजन की स्वीकृति दी जाकर इनमें से 18653 पदों की पूर्ति आगामी 3 वित्तीय वर्ष में करने तथा इन पदों पर राशि 343 करोड़ 29 लाख रुपये के वार्षिक आवर्ती व्यय की स्वीकृति दी। इन पदों में से शेष 27838 पदों की पूर्ति यथावत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के माध्यम से की जायेगी।

प्रदेश की स्वास्थ्य संस्थाओं में विशेषज्ञ सेवायें उपलब्ध कराये जाने तथा स्वास्थ्य सूचकांकों में बेहतर प्रदर्शन के लिए चिकित्सीय विशेषज्ञों के 607 पदों की पूर्ति सीधी भर्ती से कराने की मंजूरी दी। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत 07 विशेषज्ञताओं यथा निश्चेतना विशेषज्ञ, मेडिकल विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, रेडियोलॉजिस्ट, अस्थि रोग विशेषज्ञ तथा सर्जरी विशेषज्ञ के रिक्त 1214 पदों में से 50 प्रतिशत अर्थात् 607 पदों की पूर्ति सीधी भर्ती से कराने की छूट तदनुसार रिक्त पदों की पूर्ति के लिये मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से विज्ञापन करने की अनुमति दी गई।

प्रतिनियुक्ति अथवा संविदा नियुक्ति का निर्णय

मंत्रिपरिषद ने भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग से प्रतिनियुक्ति अथवा विभाग के अधीन प्रशासित संविदा भर्ती नियम 2003 के अंतर्गत संविदा पर लिए जाने का निर्णय लिया गया। संविदा पर भरे जाने की स्थिति में वरिष्ठ परामर्शी (चिकित्सा महाविद्यालय के प्राध्यापक के समकक्ष), परामर्शी (चिकित्सा महाविद्यालय के सह प्राध्यापक के समकक्ष), कनिष्ठ परामर्शी/विशेषज्ञ (चिकित्सा महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक के समकक्ष) और चिकित्सा अधिकारी को समेकित पुनरीक्षित पारिश्रमिक (रुपये) पर नियुक्ति दी जाएगी।

तीन नये विवि की स्थापना एवं पदों की मंजूरी

मंत्रिपरिषद ने सागर, खरगोन और गुना में नवीन विश्वविद्यालयों की स्थापना एवं शहडोल में पूर्व संचालित विश्वविद्यालय को सम्बद्धतादायी बनाए जाने पर पद-सृजन एवं वित्तीय सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया है। रानी अवन्तीबाई लोधी विश्वविद्यालय, सागर, क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय, खरगोन तथा क्रांतिवीर तात्याटोपे विश्वविद्यालय, गुना में नये विश्वविद्यालय की प्रारम्भिक आवश्यकता के लिए 3 करोड़ रुपये की स्वीकृति एवं प्रथम वर्ष के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 के पूरक बजट में राशि 10 करोड़ रुपये के प्रावधान की मंजूरी दी गई है। प्रत्येक नये विश्वविद्यालय के लिए प्रशासकीय 14 पद, शैक्षणिक 140 पद तथा गैर-शैक्षणिक 81 पद कुल 235 पदों (5 वर्षों में विस्तारित) की स्वीकृति प्रदान की गई है। शैक्षणिक पदों के विषय-निर्धारण के लिए उच्च शिक्षा विभाग को अधिकृत किया गया है। भवन निर्माण सहित पूंजीगत परियोजना के लिए प्रत्येक नये विश्वविद्यालय को 150 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। इसके साथ ही पंडित शम्भुनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय, शहडोल के लिए 45 करोड़ रुपये, इस प्रकार कुल राशि 495 करोड़ रुपये का भविष्य में पुनर्विलोकन की शर्त पर सिद्धान्ततः अनुमोदन दिया गया है।

इस वर्ष को गौवंश रक्षा वर्ष के रूप में मनाने का अनुमोदन

मंत्रिपरिषद ने गौवंश की रक्षा करने के संकल्प के साथ इस वर्ष की चैत्र की गुड़ी पड़वा से अगले वर्ष तक गौवंश रक्षा वर्ष के रूप में मनाने का अनुमोदन दिया है। मुख्यमंत्री द्वारा पूर्व में यह निर्णय लिया गया था, जिसका आज मंत्रिपरिषद ने अनुमोदन दिया। मुख्यमंत्री की घोषणा के परिपालन में मध्यप्रदेश शासन द्वारा यह साल, गौवंश रक्षा वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है, जो प्रतिपदा (गुड़ी पड़वा), चैत्र, शुक्ल पक्ष 9 अप्रैल 2024 से आगामी अमावस्या, चैत्र, कृष्ण पक्ष, 29 मार्च 2025 तक मध्यप्रदेश गौसंवर्धन बोर्ड के अंतर्गत मनाया जा रहा है। प्रदेश में संचालित गौ-शालाओं को श्रेष्ठ संचालन के लिए पुरस्कृत किया जाएगा। सड़कों पर गाय दुर्घटना का शिकार होती है। ऐसी व्यवस्था होगी कि घायल गाय को इलाज के लिए आसानी से ले जाया जा सके। हाइड्रोलिक कैटल लिफ्टिंग व्हीकल को टोल व्यवस्था के अंतर्गत प्रबंध किया जाएगा। प्रदेश की सभी गौशालाओं में गौवंश से जुड़ी 26 प्रमुख तिथियों में वर्ष भर कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। गौशालाओं को समाज से जोड़ने के लिये जिलों में विभिन्न सामाजिक, मांगलिक व धार्मिक कार्यक्रमों को भी गौशालाओं में कराने का आह्वान किया गया है। इसमें नई पीढ़ी को गौवंश के प्रति संवेदनशील बनाने के लिये भी कार्यक्रम होंगे।

दुर्लभ और लुप्तप्राय: प्रजाति के वन्य प्राणियों को प्रदेश में लाया जाए - मुख्यमंत्री

भोपाल, प्रदेश के वन क्षेत्र में रायनो तथा अन्य दुर्लभ और लुप्तप्राय: प्रजातियों के वन्य प्राणियों को लाने की संभावनाओं का अध्ययन कराया जाए। जंगली जानवरों से जान-माल की रक्षा के लिए पर्याप्त और प्रभावी उपाय किए जाएं, वन्य प्राणियों के लिए हर संभाग में रेस्क्यू सेंटर आरंभ करने के लिए कार्ययोजना बनाई जाए। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रालय में मध्यप्रदेश राज्य वन्य प्राणी बोर्ड की 26वीं बैठक को संबोधित करते हुए कही।

बैठक में बताया गया कि चीता प्रोजेक्ट के आगामी चरणों के लिए दक्षिण अफ्रीका तथा केन्या के दलों द्वारा गांधी सागर अभयारण्य और कूनो राष्ट्रीय उद्यान का भ्रमण किया गया है। गांधी सागर अभयारण्य में चीता पुनर्स्थापना के लिए सभी तैयारी पूर्ण कर ली गई हैं। क्षेत्र में चीतलों की संख्या बढ़ाने के लिए कान्हा और अन्य स्थानों से उनका पुनर्स्थापना किया गया है। कान्हा और सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से संजय टाइगर रिजर्व में 50 गौरों की सफलतापूर्वक पुनर्स्थापना भी की गई है। बैठक में रातापानी अभयारण्य के अंतर्गत बमनई जी.पी. से देलावाड़ी तक मार्ग के किनारे-किनारे राइट-ऑफ-वे में ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाने के लिए 0.090 हेक्टेयर वन भूमि भारत संचार निगम, औबेदुल्लागंज को उपयोग पर दिए जाने की वन्यप्राणी अनुमति को अनुमोदन प्रदान किया गया।

मुख्यमंत्री के प्रयास से टीकमगढ़ शहर को उत्तरप्रदेश के बांध से मिलेगा पेयजल

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रयास से टीकमगढ़ शहर की पेयजल व्यवस्था के समाधान के लिए उत्तरप्रदेश सरकार जमरार बांध (ललितपुर, उ.प्र.) से 1.00 एम.सी.एम. जल प्रदाय किए जाने पर सहमति हो गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने टीकमगढ़ में सुचारू पेयजल प्रदाय सुनिश्चित करने के प्रशासन को निर्देश दिए थे। इस क्रम में उन्होंने अपनी ओर से उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर जानकारी दी थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टीकमगढ़ में पेयजल समस्या उत्पन्न होने की जानकारी मिलते ही त्वरित कदम उठाए और उत्तर प्रदेश सरकार से संपर्क किया।

मुख्यमंत्री ने उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ को पत्र में लिखा था कि 'टीकमगढ़ नगर में जलापूर्ति जामनी नदी से की जाती है। ग्रीष्म ऋतु में जामनी नदी में पानी का प्रवाह कम हो जाने से तथा जामनी नदी के अप स्ट्रीम में उत्तरप्रदेश में जामनी बाँध और भौराट बांध के निर्माण के कारण टीकमगढ़ शहर में पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न हो रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को भेजे पत्रोत्तर में उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जामनी बांध वर्ष 1973 में निर्मित हुआ था और भौरट बांध वर्तमान में निर्माणाधीन है।

प्रदेश में 'जल-गंगा संवर्धन अभियान' में 212 नदियों में चल रहे संरक्षण के कार्य

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रीवा में लक्ष्मणबाग परिसर में आयोजित जनसंवाद सभा में कहा कि जल संरक्षण का कार्य सतत रूप से चलेगा। पूरे प्रदेश में 'जल-गंगा संवर्धन अभियान' के तहत प्राचीन जल स्त्रोतों की साफ-सफाई और जीर्णोद्धार किया जा रहा है। प्रदेश में 212 नदियों में साफ-सफाई और जल संवर्धन के कार्य किए जा रहे हैं। अभियान के तहत 3676 करोड़ रुपये के जल संवर्धन के कार्य प्रदेश भर में किए जा रहे हैं। इनमें अब तक 18 लाख से अधिक लोगों ने श्रमदान करके अपनी भागीदारी निभाई है। हम गौ-वंश को निराश्रित नहीं रहने देंगे। गौ-शाला की गायों के लिए आहार की राशि 20 रुपए से बढ़ाकर 40 रुपये कर दी गई है। प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में उपयुक्त स्थान पर बड़ी गौ-शालाओं का निर्माण किया जाएगा जिनमें एक साथ हजारों गौवंश को आश्रय मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने रीवा पहुंचकर लक्ष्मणबाग मंदिर परिसर में सबसे पहले गौ-माता की पूजा की एवं गायों को भोजन कराया। मुख्यमंत्री ने 'जल-गंगा संवर्धन अभियान' में बिछिया नदी में घाट की सफाई तथा प्राचीन बावड़ी में साफ-सफाई की तथा पारिजात का पौधारोपण। मुख्यमंत्री ने लक्ष्मणबाग मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश के विकास और प्रदेशवासियों के कल्याण की कामना की। मंदिर परिसर में आयोजित जन-संवाद में मुख्यमंत्री ने कहा कि विन्ध्य ऐसी पवित्र भूमि है जहाँ भगवान श्रीराम ने अपने वनवास के 11 वर्ष बिताए।

मुख्यमंत्री ने जल संरक्षण में श्रेष्ठ कार्य करने वाले जल योद्धाओं को सम्मानित किया

लक्ष्मणबाग मंदिर परिसर बहुत पवित्र है। यहाँ देव स्थान के साथ-साथ पाठशाला, गौ-शाला, जलाशय, नदी और हरे-भरे वृक्ष हैं। इस परिसर में मानव के चारों आश्रमों को पूर्णता मिलती है। यहाँ की प्राचीन बावड़ी बहुत सुंदर हो गई है। इसे जल-गंगा संवर्धन अभियान में नया जीवन मिला है।

रोज़गार के अवसरों का सृजन करेंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश का तेजी से विकास हो रहा है। प्रधानमंत्री की विशेष पहल पर आयुष्मान कार्डधारी गरीबों के लिए पीएमश्री एयर एंबुलेंस की नि:शुल्क सुविधा शुरू की गई है। इसमें शामिल विमान तथा हेलीकाप्टर में जीवन रक्षक उपकरणों के साथ डॉक्टर तैनात रहेंगे। चित्रकूट, उज्जैन, ओंकारेश्वर तथा अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों को हेलीकाप्टर सेवा के माध्यम से जोड़ा जाएगा। प्रारंभ में उज्जैन से ओंकारेश्वर, इंदौर तथा भोपाल जाने की सुविधा होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा तेजी से विकास कर रहा है। विन्ध्य क्षेत्र में खनिजों पर आधारित उद्योग स्थापित करके रोजगार के अवसरों का सृजन करेंगे।

70 करोड़ से अधिक कार्यों का लोकार्पण

समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 70 करोड़ 91 लाख रुपये के कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कन्या पूजन करके बेटियों का सम्मान किया। मुख्यमंत्री ने जल संरक्षण में श्रेष्ठ कार्य करने वाले जल-योद्धाओं को सम्मानित किया।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

हेलेन मेरी रॉर्बर्ट्स

पाकिस्तान में पहली अल्पसंख्यक महिला ब्रिगेडियर बनीं

पाकिस्तान की महिला सैन्य अधिकारी हेलेन मेरी रॉर्बर्ट्स ने इतिहास रच दिया है। हेलेन पाकिस्तान की सेना में ब्रिगेडियर पद हासिल करने वाली अल्पसंख्यक समुदाय की पहली महिला बन गई हैं। वह पाकिस्तान सेना में मेडिकल कोर में तैनात हैं और सीनियर पैथोलॉजिस्ट हैं। हेलन पाकिस्तान सेना में 26 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रही हैं। एक न्यूज रिपोर्ट के अनुसार ब्रिगेडियर हेलेन उन सैन्य अधिकारियों में शामिल हैं, जिन्हें सिलेक्शन बोर्ड ने ब्रिगेडियर और फुल टाइम कर्नल के तौर पर प्रमोशन दिया है।

द वॉकिंग ट्री को मिला

वर्ष का सर्वश्रेष्ठ वृक्ष का खिताब

न्यूजीलैंड के उत्तरी राता नाम का एक पेड़ जिसे 'द वॉकिंग ट्री' भी कहा जाता है। इस पेड़ को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ वृक्ष का खिताब दिया गया है। यह पेड़ देखने में ऐसा लगता कि यह चल रहा है। यह न्यूजीलैंड का सबसे लंबा फूलों वाला पेड़ है, जो एक हजार वर्ष तक जीवित रहता है। न्यूजीलैंड आर्बोकल्चरल एसोसिएशन ने उत्तरी राता पेड़ को असाधारण बताया है। 32 मीटर ऊंचे इस पेड़ ने सर्वश्रेष्ठ वृक्ष का तमगा हासिल करने के लिए 42 प्रतिशत वोट हासिल किए।

हुआ चुनयिंग

चीन की उप विदेश मंत्री बनीं

चीन सरकार ने विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता हुआ चुनयिंग को उप विदेश मंत्री नियुक्त किया है। चुनयिंग वर्ष 2012 से विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता थीं। चीन के विदेश मंत्रालय में पांच उप मंत्री होते हैं, चुनयिंग इनमें अकेली महिला उप मंत्री हैं। हुआ चुनयिंग को अमेरिका के खिलाफ आक्रामक रवैये को लेकर पहचाना जाता है। वह चीन की वुल्फ वॉरियर कूटनीति का समर्थन करती हैं और इसे आगे बढ़ा रही हैं। चुनयिंग वर्ष 1992 में चीन के विदेश मंत्रालय में शामिल हुई थीं। उन्हें वर्ष 2021 में विदेश मंत्रालय में सहायक विदेश मंत्री तथा प्रेस विभाग में महानिदेशक पदस्थ किया गया था।

डॉ. समीर वी. कामथ

डीआरडीओ प्रमुख को मिला एक साल का सेवा विस्तार

केंद्र सरकार ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामथ को एक वर्ष का सेवा विस्तार दिया है। केंद्रीय कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने डीआरडीओ अध्यक्ष और सचिव के रूप में डॉ. कामथ की सेवा को एक जून 2024 से 31 मई 2025 तक एक वर्ष के लिए या अगले आदेश तक बढ़ाने की मंजूरी प्रदान की है। डॉ. कामथ वर्ष 2022 में डीआरडीओ के अध्यक्ष बने थे। इससे पहले वह डीआरडीओ के नेवल सिस्टम एंड मटेरियल्स प्रभाग के महानिदेशक थे।

नासा ने

सबसे छोटा जलवायु उपग्रह लॉन्च किया

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने छोटे आकार के उपग्रह को अंतरिक्ष में भेजा है। नासा ने प्रीफायर (पोलर रेडिएंट एनर्जी इन द फॉर इंफ्रारेड एक्सपेरिमेंट) मिशन के तहत यह उपग्रह भेजा है। यह उपग्रह जलवायु परिवर्तन को लेकर बेहतर पूर्वानुमान लगाने में सक्षम होगा। यह धरती के दोनों ध्रुवों से निकलने वाली गर्मी का आकलन भी करेगा। नासा ने कहा कि प्रीफायर मिशन के तहत दो छोटे बक्से के आकार के उपग्रह अंतरिक्ष में भेजे गए हैं। यह उपग्रह पृथ्वी से निकलने वाली गर्मी को मापने के लिए आर्कटिक और अंटार्कटिक के ऊपर से इंफ्रारेड माप लेगा। इससे ध्रुवीय घटनाओं की जानकारी प्राप्त होने की क्षमता बढ़ जाएगी।

जोस मॉरिन्हो

तुर्किए के फुटबॉल क्लब फेनरबाहस के कोच बने

पुर्तगाल के पूर्व फुटबॉलर जोस मॉरिन्हो को तुर्किये के फुटबॉल क्लब फेनरबाहस का कोच नियुक्त किया गया है। फेनरबाहस क्लब ने सोशल मीडिया के जरिए जोस मॉरिन्हो को कोच बनाने की पुष्टि की। 61 वर्षीय मॉरिन्हो का जनवरी 2024 में इटेलियन क्लब एसी रोमा को छोड़ने के बाद यह पहला असाइनमेंट होगा। मॉरिन्हो वर्ष 2021 से 2024 तक एसी रोमा के कोच रहे हैं। वह वर्ष 2004 के बाद पहली बार यूरोप की टॉप-5 लीग के बाहर की किसी टीम से जुड़ेंगे। मॉरिन्हो के पास कोचिंग का वृहद अनुभव है। मॉरिन्हो एसी रोमा से पहले चेल्सी, इंटर मिलान, रियल मैड्रिड, मैनचेस्टर यूनाइटेड और टॉटनहम हॉटस्पर जैसे दिग्गज फुटबॉल क्लब के कोच रह चुके हैं।

हल्ला टॉमसडॉटिर

आइसलैंड की नई राष्ट्रपति चुनी गईं

आइसलैंड में महिला कारोबारी हल्ला टॉमसडॉटिर ने राष्ट्रपति चुनाव जीत लिया है। वह आयरलैंड की दूसरी महिला राष्ट्रपति बनेंगी। टॉमसडॉटिर से पहले विग्दिस फिनबोगाडॉटिर महिला राष्ट्रपति रह चुकी हैं। उन्होंने राष्ट्रपति चुनाव में कैटरीन जैकब्सडॉटिर को हराया। कैटरीन आयरलैंड की पूर्व प्रधानमंत्री रह चुकी हैं। चुनाव में टॉमसडॉटिर को कुल 34.3 प्रतिशत वोट मिले, वहीं कैटरीन 25.2 प्रतिशत वोट ही हासिल कर सकीं। टॉमसडॉटिर वर्तमान राष्ट्रपति गुनी जोहानसन का स्थान लेंगी और अपना पदभार एक अगस्त से ग्रहण करेंगी।

शेख सबाह अल-खालिद अल-सबाह

कुवैत के नए क्राउन प्रिंस नियुक्त हुए

कुवैत के अमीर शेख मिशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबाह ने शेख सबाह अल - खालिद अल - सबाह को देश का नया क्राउन प्रिंस नियुक्त किया है। कुवैत में पारम्परिक तौर पर अल-जबर और अल-सलेम शाखा से ही क्राउन प्रिंस चुना जाता है, लेकिन यह पहला अवसर है जब कुवैत में किसी को उसके पिता के अमीर पद पर न होने के बावजूद क्राउन प्रिंस बनाया गया है। शेख सबाह अल-खालिद अल-सबाह को चार दशकों का राजनीतिक अनुभव है। उन्होंने अपने राजनीतिक कॅरियर की शुरुआत वर्ष 1978 में विदेश मंत्रालय से की थी। वे वर्ष 2019 से 2022 तक कुवैत के प्रधानमंत्री भी रह चुके हैं।

केदार जाधव

क्रिकेट के सभी प्रारूपों से लिया संन्यास

भारत के स्टार क्रिकेटर केदार जाधव ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की है। 39 वर्षीय केदार ने सोशल मीडिया पर संन्यास का ऐलान किया। केदार ने 16 नवंबर 2014 को श्रीलंका के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने भारत के लिए 73 वन-डे अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 42.09 की औसत से 1389 रन बनाये हैं। इनमें दो शतक और 6 अर्धशतक भी शामिल हैं। इसके अलावा केदार ने 9 ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया है। केदार ने बल्लेबाजी के साथ-साथ गेंदबाजी में भी अपने जौहर दिखाए और वन-डे में 27 विकेट झटके हैं।

क्लाउडिया शीनबाम

मैक्सिको की पहली महिला राष्ट्रपति बनेंगी

मैक्सिको में हुए राष्ट्रपति चुनाव में सत्तारूढ़ मोरेना पार्टी की क्लाउडिया शीनबाम ने बंपर जीत दर्ज की है। शीनबाम मैक्सिको के 200 वर्ष के इतिहास में पहली महिला राष्ट्रपति बनेंगी। शीनबाम ने राष्ट्रपति चुनाव में 58.3 प्रतिशत वोट हासिल किए, जबकि उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी जोचिटल गैल्वेज को लगभग 28 प्रतिशत वोट मिले। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की उपाधि हासिल करने वाली शीनबाम जलवायु वैज्ञानिक हैं। वर्ष 2007 में मैक्सिको की इंटर गवर्नमेंटल कमेटी को शांति का नोबल पुरस्कार मिला था, शीनबाम उस समय कमेटी की सदस्य थीं। शीनबाम वर्तमान राष्ट्रपति एंड्रेस लोपेज ओब्राडोर की जगह लेंगी और एक अक्टूबर को कार्यभार ग्रहण करेंगी।

सोनू निगम

ब्रिटेन में मानद फेलोशिप से हुए सम्मानित

बॉलीवुड के प्रसिद्ध गायक सोनू निगम को संगीत के क्षेत्र में उनके विश्वव्यापी योगदान के लिए ब्रिटेन में मानद फेलोशिप से सम्मानित किया गया। ब्रिटेन दौरे पर सोनू निगम को ब्रिटेन के नेशनल इंडियन स्टूडेंट्स एंड एलुमनाई यूनियन (एनआईएसएयू) ने लंदन में सम्मानित किया। यह सम्मान प्राप्त करने के बाद सोनू निगम ने कहा कि आपके प्रेम और सम्मान के लिए एनआईएसएयू का धन्यवाद, मैं इसे एक अनमोल उपहार मानता हूं। उल्लेखनीय है कि यह फेलोशिप उन लोगों को प्रदान की जाती है, जो वैश्विक मंच पर भारतीय सांस्कृतिक, शिक्षा और समाज कल्याण के क्षेत्र में बेहतरीन काम करते हैं।

किलियन एम्बाप्पे

रियल मैड्रिड के साथ किया पांच वर्ष का अनुबंध

फ्रांस के दिग्गज फुटबॉलर किलियन एम्बाप्पे अब स्पेनिश फुटबॉल क्लब रियल मैड्रिड के लिए खेलते हुए नजर आयेंगे। एम्बाप्पे ने रियल मैड्रिड के साथ पांच वर्ष का करार किया है। काफी समय से एम्बाप्पे के रियल मैड्रिड से जुड़ने की अटकलें लगाई जा रही थीं। एम्बाप्पे इससे पहले फ्रांस के पेरिस सेंट जर्मेन क्लब के लिए खेल रहे थे। रियल मैड्रिड क्लब ने पांच वर्ष के लिए एम्बाप्पे के टीम में शामिल होने की पुष्टि की है। इस करार के तहत एम्बाप्पे को प्रतिवर्ष 12.8 मिलियन पाउंड की बड़ी धनराशि मिलेगी। उल्लेखनीय है कि एम्बाप्पे वर्ष 2018 में फीफा विश्वकप की विजेता और वर्ष 2022 की उपविजेता फ्रांसीसी टीम के सदस्य रहे हैं।

विजया भारती सायनी

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की कार्यकारी अध्यक्ष बनीं

गृह मंत्रालय ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में विजया भारती सायनी को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। उन्होंने पूर्व न्यायाधीश अरुण कुमार मिश्रा की जगह ली। गृह मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार विजया तब तक अध्यक्ष के रूप में कार्यरत रहेंगी, जब तक नए अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं हो जाती है। इससे पहले विजया राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में सदस्य के रूप में कार्यरत थीं। वह 28 दिसम्बर 2023 में आयोग की सदस्य बनी थीं। आयोग की सदस्य बनने से पहले वह तेलंगाना हाईकोर्ट में वकील थीं, उन्हें महिला उत्पीड़न के मामलों से निपटने के लिए जाना जाता है।

ओलेग कोनोनेंको

अंतरिक्ष में एक हजार दिन बिताने वाले पहले व्यक्ति बने

रूस के अंतरिक्ष यात्री ओलेग कोनोनेंको ने एक नया कीर्तिमान रचा है। 59 वर्षीय ओलेग अलग-अलग मिशन में अंतरिक्ष में एक हजार दिन पूरे करने वाले पहले व्यक्ति बन गए हैं। वह अभी इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर हैं और सितंबर में पृथ्वी पर लौटेंगे। ओलेग से पहले यह रिकॉर्ड रूस के ही अंतरिक्ष यात्री गेनाल्डी पडाल्का के नाम था। पडाल्का 878 दिन तक अंतरिक्ष में रहे थे। रूस की समाचार एजेंसी तास के अनुसार ओलेग को सोयुज एमएस-24 स्पेसक्राफ्ट से पृथ्वी के चारों तरफ चक्कर लगाती आर्बिटल लेबोरेटरी (इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन) में भेजा गया था।

स्मृति शेष

कठपुतली कलाकार मगुनी चरण कुआंर का निधन

देश के प्रख्यात कठपुतली कलाकार पद्मश्री मगुनी चरण कुआंर का 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया है, वह कई महीनों से बीमार थे। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने उनके निधन पर शोक जताते हुए कहा कि ओडिशा के क्योंझर के रहने वाले कठपुतली कलाकार मगुनी चरण का निधन हो गया है। उन्होंने पारंपरिक कठपुतली नृत्य को जीवित रखा था। वह अपने पीछे अपनी विरासत छोड़ गए हैं। उन्हें वर्ष 2023 में पद्मश्री सम्मान से सम्मानित किया गया था। 15 वर्ष की उम्र से कठपुतली नृत्य करने वाले मगुनी चरण ने कई शहरों में अपनी कला का मंचन किया।

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश यू.एल. भट्ट का निधन

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस यू.एल. भट्ट का 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। जस्टिस भट्ट वर्ष 1993 से 1995 तक मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रह चुके हैं। केरल में जिला न्यायाधीश के रूप में न्यायिक सेवा में आए जस्टिस भट्ट वर्ष 1980 में केरल हाईकोर्ट के न्यायाधीश बने। वह गुवाहाटी हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रह चुके हैं। सेवानिवृत्ति के बाद जस्टिस भट्ट सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और स्वर्ण नियंत्रण अपीलीय न्यायाधिकरण, नई दिल्ली के अध्यक्ष रह चुके हैं। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें वरिष्ठ वकील के रूप में भी नामित किया था।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

मध्यप्रदेश शासन कार्यालय संचालक वाष्पयंत्र

क्वा.नं. 03 एवं 04, टाइप-IV, बी-सेक्टर, पिपलानी, भेल
भोपाल मध्यप्रदेश-462021 फोन - 0755-2757384, 2502528

विज्ञापन

बायलर संचालनालय के अंतर्गत भृत्य पदों को भरने हेतु मध्यप्रदेश के मूल निवासी योग्यताधारी उम्मीदवारों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। यह पद चतुर्थ श्रेणी का है। यह पद पूर्णतः अस्थायी है एवं स्थानांतरणीय हैं एवं भविष्य में स्थायी पद रिक्त होने पर ही स्थायी किया जावेगा। इस पद पर नियुक्त कर्मचारी कर्तव्यों को सष्ट किया जाता है कि कार्यालय की साफ-सफाई, जलपान की व्यवस्था, नस्ती का हस्तानांतरण, डाक लाने एवं ले जाने की व्यवस्था, कार्यालय बंद करने एवं खोलने का कार्य मुख्य है। अन्य कार्यालयीन कार्य जो कि संचालक बायलर द्वारा समय-समय पर आदेशित किया जावें।

1. भरे जाने वाले पदों का विवरण एवं आरक्षण निम्नानुसार है :–

पदनाम	वेतनमान (सातवें वेतनमान अनुसार)	रिक्त पदों का विवरण	
		अन्य पिछड़ा वर्ग	निःशक्तजन श्रवण बाधित
भृत्य	15500-49000 (लेवल-1)	01	01

2. शैक्षणिक योग्यता - संभागीय पूर्व माध्यमिक परीक्षा अथवा मध्यप्रदेश शासन द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्था से आठवीं कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए।

3. निरर्हता -

(एक) अभ्यर्थी की ओर से अपनी अभ्यर्थिता के लिए समर्थन अभिप्राप्त करने हेतु किसी भी साधन से किया गया कोई भी प्रयास समिति द्वारा उसे परीक्षा/चयन में उपस्थित होने के लिए निरर्हता माना जाएगा।

(दो) कोई भी अभ्यर्थी जिसने विवाह के लिए नियत की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, सेवा में नियुक्ति के लिए निरर्हित होगा।

(तीन) कोई भी अभ्यर्थी जिसकी दो से अधिक जीवित संतान हों जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी, 2001 को या उसके पश्चात हुआ हो सेवा के लिए निरर्हित होगा :
परन्तु कोई भी अभ्यर्थी जिसकी पहले से एक जीवित संतान है तथा आगामी प्रसव 26 जनवरी, 2001 को या उसके पश्चात हुआ हो जिसमें दो या दो से अधिक जीवित संतान का जन्म होता है किसी सेवा में नियुक्ति के लिए निरर्हित नहीं होगा।

(चार) कोई भी अभ्यर्थी जिसे महिलाओं के विरुद्ध किसी अपराध का सिद्धदोष ठहराया गया हो सेवा में नियुक्ति के लिए निरर्हित होगा, परन्तु जहां अभ्यर्थी के विरुद्ध न्यायालय में मामला लंबित है, वहां उसकी नियुक्ति आपराधिक प्रकरण में अंतिम विनिश्चय होने तक लंबित रखी जाएगी।

4. आयु सीमा 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष से कम व 40 वर्ष से अधिक नहीं हो।
विभिन्न वर्गों के लिये अधिकतम आयु सीमा निम्नानुसार रहेगी -

1.	पुरुष आवेदक (अनारक्षित वर्ग)	40 वर्ष
महेन्द्र सिंह के बारे में...

नाम : महेन्द्र सिंह सुजोन्या
रैंक : 16वीं
नंबर : 849/1475
पिता : स्व. श्री जयराम सिंह
माता : श्रीमती लक्ष्मी देवी

● आपकी स्कूल और कॉलेज की पढ़ाई कहां से हुई?

○ मैं मूलतः भोपाल का ही निवासी हूं। मेरी स्कूल की पढ़ाई कोपल हायर सेकेंडरी स्कूल से हुई। स्कूल की पढ़ाई के बाद मैंने एक्सीलेंस कॉलेज से बी.कॉम ऑनर्स किया। स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद मैंने भारतीय वन प्रबंधन संस्थान (आईआईएफएम) भोपाल से पोस्ट ग्रेजुएशन की पढ़ाई की।

● आपको यह कब लगा कि प्रशासनिक सेवा में आना है?

○ मैंने कॉलेज की पढ़ाई पूरी होने के बाद वन विभाग में अनुश्रवण एवं मूल्यांकन विशेषज्ञ के पद पर नौकरी ज्वॉइन की। मेरा ऑफिस सतपुड़ा भवन में लगता था जहां मैं रोजाना एक वरिष्ठ आईएफएस ऑफिसर को देखता था। मैं उनसे प्रभावित तो था ही साथ ही काम करते-करते मुझे इस बात का एहसास हुआ कि अगर प्रशासनिक लेवल पर आपको हस्तक्षेप करना है तो उसके लिये आवश्यक है कि आपके पास प्रशासनिक पॉवर होना चाहिए। बस उसके बाद से ही मैंने तय किया कि मुझे प्रशासनिक सेवा में जाना है और मैंने एमपी-पीएससी की तैयारी करना शुरू कर दिया।

● यह आपका कौन सा अटेम्प्ट था, क्या इससे पहले भी आपने यह परीक्षा दी?

○ जी हां..., यह मेरा तीसरा अटेम्प्ट था। इससे पहले मैंने वर्ष 2019 में एमपीपीएससी परीक्षा पहली बार दी थी। उस परीक्षा में मेरा चयन विकासखंड अधिकारी के रूप में हुआ। मेरी पदस्थापना बैतूल जिले में हुई। वहां मैंने नौकरी करने के साथ-साथ पढ़ाई का क्रम जारी रखा और रोजाना ऑफिस से आने के बाद दो से तीन घंटे अपनी पढ़ाई को देता।

● जॉब के साथ पढ़ाई करने में क्या कठिनाईयां होती थी?

○ मुझे जॉब के साथ पढ़ाई करने में कभी कोई कठिनाई महसूस ही नहीं हुई। मैं जितना फोकस अपने काम को लेकर रहता था, काम खत्म होने के बाद उतने ही फोकस के साथ अपनी पढ़ाई करता था। यही कारण है कि जॉब के साथ भी मुझे पढ़ाई कभी बोझिल नहीं लगी।

● पीएससी की परीक्षा के लिये क्या खास तैयारियां आपने की?

○ मैंने सबसे पहले पिछले कुछ वर्षों के पेपर सॉल्व किये और सिलेबेस के साथ उन्हें कवर करना आरंभ किया। यही नहीं मैंने एक सीरियस बुक लिस्ट बनाई थी जिसके हिसाब से मैंने एक-एक चैप्टर का अध्ययन बड़ी ही बारीकी के साथ किया था। जहां तक बात प्री और मेंस परीक्षा की तैयारी की है तो मैंने हर सब्जेक्ट एवं गहन अध्ययन किया और सब्जेक्टिव और चैप्टर वाइज पढ़ाई की जिससे मुझे परीक्षा के दौरान काफी मदद मिली। कई वर्षों के पेपर सॉल्व किये, उन पेपर्स से रेगुलर स्टडी की और उन्हें हल करने का प्रयास किया। यही नहीं लगातार कई मॉक टेस्ट दिये जिससे राइटिंग हैबिट्स बनाए रखने में मदद मिली और हर टॉपिक को बहुत ही विस्तार के साथ समझा और पढ़ा।

● एक नौकरी मिलने के बाद दूसरी नौकरी के लिये प्रयास करते देख पैरेंट्स का क्या रिएक्शन था?

○ मेरी इस पूरी यात्रा में मेरे परिवार के हर सदस्य का बड़ा योगदान है। खासतौर से मेरे पिता का। मेरे पिता का सपना था कि मैं डिप्टी कलेक्टर बनूं। लेकिन मुझे बहुत दुख है कि मेरे पिता का दिसंबर 2022 में निधन हो गया। आज अगर वे मुझे डिप्टी कलेक्टर बनते देखते तो मुझसे ज्यादा खुशी उन्हें होती।

● पिता की मृत्यु के बाद आपने खुद को कैसे संभाला और पढ़ाई जारी रखी?

○ आप जब किसी मिशन के लिये निकलते हैं तो फिर आपका फोकस पूरी तरह से अपने गोल पर होता है। मेरे पिता सीहोर जिले में डीएसपी थे। जब उनकी मृत्यु हुई तो उस समय मैं सच में घबरा गया था। क्योंकि पिता की मृत्यु के कुछ दिन बाद ही मुख्य परीक्षा थी। मुझे कुछ समझ नहीं आ रहा था कि मैं क्या करूं। एक तरफ परिवार की चिंता थी और दूसरी तरफ मुख्य परीक्षा नजदीक थी। वह छह महीने का समय मेरे लिये बहुत भारी था फिर भी मैंने अपना संतुलन नहीं खोया और पूरे धैर्य के साथ अपनी पढ़ाई जारी रखी।

● मुख्य परीक्षा की तैयारी के लिये क्या कोई विशेष रणनीति बनाई, कौन सी चुनौतियां सामने आई ?

○ मैं शुरू से ही प्लानिंग पर विशेष जोर देता हूं। मैंने उपलब्ध संसाधन, दिन और सिलेबस के आधार पर पूरा रोडमैप तैयार किया। इसके बाद पुराने प्रश्नपत्रों का अध्ययन किया कि किस तरह के सवाल टॉपिक से पूछे गए। उसके आधार पर रणनीति बनाई। पुराने पेपर हमें बताते हैं कि कितना हमें याद रखने की जरूरत है। प्रेक्टिस के लिए मॉक टेस्ट लगाए। चुनौतियां तब जीवन का हिस्सा थीं इसलिए तब वह कभी चुनौतियां नहीं लगीं। अब पलटकर देखता हूं तो लगता है कि कुछ किया है इसके पहले वह सहज ही लगता है। तब हमें नहीं पता होता कि हम चुनौतियां पार कर रहे हैं।

● परीक्षा की तैयारी के लिये क्या कोई विशेष नोट्स भी बनाये थे?

○ मैंने प्रारंभिक परीक्षा के लिए नोट्स ज्यादा नहीं बनाए। मुख्य परीक्षा के लिए नोट्स बनाने के लिए 10-12 साल के पुराने पेपर का मूल्यांकन किया। उससे हमें यह समझ में आ जाता है कि किन टॉपिक से किस तरह के सवाल पूछे जा रहे हैं। कॉमन प्वाइंट को बार-बार न लिखकर एक बार लिखना, स्पेसिफिक प्वाइंट को मैं अलग लिखूं इसकी भी प्रैक्टिस की।

● एमपी पीएससी की तैयारी कर रहे दूसरे छात्रों को क्या सलाह देंगे?

○ एमपी पीएससी की परीक्षा देने के लिए युवाओं को पहले से ही अपनी तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। वह जिस भी विषय से हैं, उसकी गहन पड़ताल करनी चाहिए, पहले पीएससी के सिलेबस को देख लें और खुद की योग्यता का आंकलन करने के बाद इस परीक्षा को देने के लिये आगे आयें।

● युवाओं में ऐसी धारणा है कि प्रशासनिक सेवा की परीक्षा अंग्रेजी माध्यम के छात्रों के लिये आसान है?

○ यह धारणा गलत है कि अंग्रेजी मीडियम वाले ही सिविल सेवा क्लियर कर पाते हैं। हिंदी मीडियम में पढ़ने वाले भी एमपी पीएससी क्वालीफाई करते हैं। सबसे ज्यादा ज़रूरी यह है कि आपकी तैयारी कैसी है और किस तरह से तैयारी कर रहे हैं और ख़ुद को किस तरह से प्रस्तुत कर रहे हैं। सिविल सेवक बनना है तो इसके अलावा कोई दूसरा विकल्प मन में न रखें। एकमात्र लक्ष्य यही रखें।

● किताबों के अलावा परीक्षा की तैयारी के लिये अन्य कौन से रिसोर्स महत्वपूर्ण होते हैं?

○ सबसे ज़रूरी है कि सिलेबस पर फोकस कर उसी आधार पर न्यूज़ पेपर में खबरें पढ़ें। प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा में 50 से 60 फीसदी करंट अफेयर्स पर आधारित सवाल पूछे जाते हैं। इंटरव्यू में यह बढ़कर 100 फीसदी हो जाते हैं। इसलिए इस परीक्षा की तैयारी में न्यूजपेपर्स सबसे ज्यादा मदद करते हैं। रोज दो से ढ़ाई घंटे न्यूजपेपर पढ़ने की आदत डालें। तीन न्यूज पेपर्स पढ़ें जिसमें एक इकोनॉमिक न्यूजपेपर शामिल हो।

- हितेश शर्मा
(लेखक, समसामयिक विषयों पर लेखन करते हैं।)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, नया भोपाल संभाग, लोक निर्माण विभाग, भोपाल (म.प्र.)
निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 02/व.ले.लि./2024-25 **भोपाल, दिनांक : 11.06.2024**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	पोर्टल टेंडर क्र.	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)	अमानत राशि
1.	2024_PWDRB_350765_1	उपसंभाग क्र-1, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र.-1 (74 बंगलों) के 'बी' एवं 'सी' टाइप शासकीय आवासगृहों के छतों पर जल अवरोधक का कार्य।	प्रथम आमंत्रण	45.00	50000.00
2.	2024_PWDRB_350766_1	उपसंभाग क्र-1, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र.-1 (74 बंगलों) के 'डी' टाइप शासकीय आवासगृहों के छतों पर जल अवरोधक का कार्य।	प्रथम आमंत्रण	44.00	50000.00
3.	2024_PWDRB_350767_1	उपसंभाग क्र -1, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र.-2, 3 के शासकीय आवासगृहों के छतों पर जल अवरोधक का कार्य।	प्रथम आमंत्रण	42.00	50000.00
4.	2024_PWDRB_350769_1	उपसंभाग क्र-1, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र.-4 के शासकीय आवासगृहों के 2024_PWDRB_350769_1 छतों पर जल अवरोधक का कार्य।	प्रथम आमंत्रण	40.00	50000.00
5.	2024_PWDRB_350770_1	उपसंभाग क्र- 1, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र.-5 के शासकीय आवासगृहों के छतों पर जल अवरोधक का कार्य।	प्रथम आमंत्रण	41.00	50000.00
6.	2024_PWDRB_350773_1	उपसंभाग क्र -1, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र.-6 के शासकीय आवासगृहों के छतों पर जल अवरोधक का कार्य।	प्रथम आमंत्रण	43.00	50000.00
7.	2024_PWDRB_350776_1	उपसंभाग क्र -1, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र.-7अ के शासकीय आवासगृहों के छतों पर जल अवरोधक का कार्य।	प्रथम आमंत्रण	46.00	50000.00
8.	2024_PWDRB_350778_1	उपसंभाग क्र-1, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र.-2, 3 के शासकीय आवासगृहों में लघुमूल गौड़/ए.आर./एस.आर./अनुरक्षण/ डिपोजिट कार्य।	प्रथम आमंत्रण	50.00	50000.00
9.	2024_PWDRB_350779_1	उपसंभाग क्र-1, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र.-4 के शासकीय आवासगृहों में लघुमूल गौड़/ए.आर./एस.आर./अनुरक्षण/ डिपोजिट कार्य।	प्रथम आमंत्रण	52.00	52000.00
10.	2024_PWDRB_350781_1	उपसंभाग क्र-1, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र.-5 के शासकीय आवासगृहों में लघुमूल गौड़/ए.आर./एस.आर./अनुरक्षण/ डिपोजिट कार्य।	प्रथम आमंत्रण	49.00	50000.00
11.	2024_PWDRB_350783_1	उपसंभाग क्र- 1, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र.-6 के शासकीय आवासगृहों में लघुमूल गौड़/ए.आर./एस.आर./अनुरक्षण/ डिपोजिट कार्य।	प्रथम आमंत्रण	53.00	53000.00
12.	2024_PWDRB_350785_1	उपसंभाग क्र -1, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र.-7अ के शासकीय आवासगृहों में लघुमूल गौड़/ए.आर./एस.आर./अनुरक्षण/ डिपोजिट कार्य।	प्रथम आमंत्रण	51.00	51000.00
		योग		556.00	

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय एवं सबमिशन करने की **अंतिम तिथि 29.06.2024 सायं 5.30 बजे** निर्धारित है। निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होने पर उसे उपरोक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री,

जी-11784/आर-49714/2024 **नया भोपाल संभाग, लो.नि.वि., भोपाल (म.प्र.)**

OFFICE OF THE FIELD DIRECTOR KANHA TIGER RESERVE, MANDLA (M.P.)

VACANCY FOR RESEARCH PERSONNEL IN KANHA TIGER RESERVE, MANDLA (M.P.)

S.No./TFS/1936 **Dated : 11.06.2024**

Applications in attached format and Statement of Purpose are invited for Indian Nationals for the following positions at Kanha Tiger Resave. These Positions are purely on Temporary basis (Initially for 1 year and up to 4 years based on satisfactory performance) in an Ongoing Project entitled **"Restoration Ecology and monitoring of grasslands in Kanha Tiger Reserve, M.P."** The Candidates interested in Working in remote/wilderness area with limited facilities and keen to peruse career in Forest Ecology/vegetation science may apply for these positions. Essential and desirable qualification, emoluments and nature of work are given bellow.

Positiono	Essential Qualification	Desirable Qualification	Consolidated emolument per month (Rs.)	Nature of Work
Project Assistant (No. 2) Age limit - 35 Years	B.Sc./M.Sc. in Botany/Plant Science or any relevant subject with Plant identification skills.	Experience in vegetation survey/ Plant taxonomy (grass)/proficiency in word/spreadsheet software or any data analysis program. work experience in RS & GIS	20,000/- (Accommodation will be provided)	Data collection from experimental plots, and assist in execution of field experiments and analysis. phenology and response of various species. Establishment of user-friendly database on grassland habitats Data analysis and report writing.

Complete **applications in given format along with Statement of purpose (SOP) and Academics qualification, experience certificates** should reach "Office of the field director, Kanha Tiger Reserve, Mandla (M.P.) Pin code-481661" by **22th June 2024** with "subject: Application for project assistant" through Registered A.D. and email at following address at **fdknp.mdl@mp.gov.in** and CC to **dirkanhanp@gmail.com.**

Terms & Conditions

1) These positions are strictly temporary, initially for one year and extendable up to four years based on satisfactory performance. If performance is deemed unsatisfactory, Kanha Management reserves the right to terminate the appointment at any time without notice.
2) These positions are strictly contractual. Candidates shall have no claim to any form of permanent, temporary, contractual, part-time, or full-time employment within any office of the MP Forest Department in the future.
3) Upon selection, candidates must complete a mandatory three-month probation period. If a candidate resigns or leaves for any reason during this period, they are required to pay one month's salary.

Instructions

4) Relevant subject means branch of Biological science like, Environmental Science, Forestry or forest ecology, Ecology, Natural resource management, Wildlife Sciences.
5) Mere fulfilment of the minimum advertised qualification and experience requirement DOES NOT automatically entitle an applicant to be called for an interview. The decision of the Kanha Management in all matters relating to eligibility, acceptance, or rejection of the application and mode of selection will be final and binding on the candidates. No inquiry or correspondence will be entertained from any individual or agency.
6) A duly constituted Selection Committee will conduct all the recruitment process steps. However, if the Number of applications received for a particular post(s) is large, then Kanha management reserves the right to lay down any criteria to shortlist the candidates for interview.
7) Shortlisted candidate will be called for Walk In interview at Office of The Field Director, Kanha Tiger Reserve, Madhya Pradesh during last week of June 2024.

Field Director

G-11705/49711/2024 **Kanha Tiger Reserve, Mandla**

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग
इंदौर

क्रमांक-3644/14/2023/चयन **इंदौर, दिनांक : 13.06.2024**

पदनाम - सहायक संचालक रेशम
चयन सूची (मुख्य भाग 87 प्रतिशत)

आयोग के विज्ञापन क्रमांक 07/2023 दिनांक 13.03.2023 एवं समय-समय पर जारी शुद्धिपत्रादि, सूचनाओं आदि के संदर्भ में **म.प्र. शासन, कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग** के अंतर्गत विज्ञापित पद **सहायक संचालक, रेशम** के कुल 02 पद (अनारक्षित-01, अ.जा. - निरंक, अ.ज.जा. -01, अ.पि.वर्ग - निरंक, ई.डब्ल्यू.एस. - निरंक) विज्ञापित किए गए हैं। उक्त पदों की पूर्ति के लिए अर्ह आवेदकों के साक्षात्कार **दिनांक 31.05.2024** को आयोजित किए गए।

2. म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक एफ 07-46/2021/आ.प्र./एक दिनांक 29.09.2022 में दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुपालन में परीक्षा परिणाम दो भागों में मुख्य भाग एवं प्रावधिक भाग के रूप में घोषित किया जाना प्रावधानित किया गया है। चूंकि उक्त विज्ञापित पदों में अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु विज्ञापित पद की संख्या निरंक होने के कारण इस पद हेतु 87 एवं 13 प्रतिशत पदों के विभाजन की आवश्यकता नहीं है। अतएव चयन परिणाम केवल 87 प्रतिशत पदों (मुख्य भाग) का घोषित किए जाने के प्रावधान के तहत् मुख्य भाग हेतु विज्ञापित रिक्तियों का विवरण निम्नांकित तालिका में अंकित है। अन्य पिछड़ा वर्ग के पदों की संख्या निरंक होने के कारण प्रावधिक भाग-13 प्रतिशत हेतु रिक्तियों की संख्या भी निरंक होने के परिणामस्वरूप पृथक से प्रावधिक भाग का चयन परिणाम जारी किए जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

3. अतएव साक्षात्कार में प्राप्तांकों के गुणानुक्रम के आधार पर निम्नानुसार केवल 87 प्रतिशत पदों (मुख्य भाग) की चयन सूची घोषित की जाती है :-

सहायक संचालक रेशम (म.प्र. शासन, कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग)

पद विवरण तालिका (मुख्य भाग 87 प्रतिशत)

	अनारक्षित	अ.जा.	अ.ज.जा.	अ.पि.व.	ई.डब्ल्यू.एस.	योग
कुल पदों की संख्या	1	0	1	0	0	2

मुख्य सूची

स.क्र.	अनुक्रमांक	नाम	लिंग	Seat	श्रेणी
1.	13018	PAYAL JOSHI	F	UNR	UNR
2.	13022	SANT KUMAR WARKADE	M	ST	ST

अनुपूरक सूची

स.क्र.	अनुक्रमांक	नाम	लिंग	श्रेणी
1.	13026	NEHA SISODIA	F	UNR
2.	13053	RAVI KUMAR ANGARE	M	ST

टीप :

1. म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ-7-46/99/आ.प्र./एक भोपाल दिनांक 07 नवम्बर, 2000 में दिए निर्देशों के तहत् अनारक्षित (ओपन) पदों पर चयन हेतु निर्धारित मापदंड के तहत् आरक्षित वर्ग के वे ही आवेदक ऐसे ओपन पदों पर चयनित किए गए हैं जो कि हर प्रकार से सामान्य वर्ग के उम्मीदवार के समान ही बिना किसी रियायत के योग्यता प्राप्त किए हों। किसी प्रकार की रियायत को प्राप्त किए बिना तथा मेरिट में आने पर ही आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों का चयन मेरिट गुणानुक्रम के आधार पर अनारक्षित पदों पर किया जाना प्रावधानित है।
2. चयन परिणाम प्रकाशित होने के बाद यदि कम्प्यूटर त्रुटि/लिपिकीय त्रुटि आयोग के संज्ञान में आती है तो आयोग के पास चयन परिणाम सुधारने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
3. घोषित चयन परिणाम मान. उच्च न्यायालय में लंबित याचिका क्रमांक डब्ल्यू.पी. 25181/2019 एवं डब्ल्यू. पी. 5901/2019 एवं अन्य समान याचिकाओं के अंतिम निर्णय के अध्यधीन रहेगा।

जी-11731/आर-49713/2024 **सचिव**

कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण परिक्षेत्र
निर्माण भवन, द्वितीय तल प्लाट नं. 27-28 अरेरा हिल्स भोपाल
विशेष अभियान के तहत नि:शक्तजन आरक्षित पदों की पूर्ति/भर्ती हेतु विज्ञापन

म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल, के पत्र क्र.-एफ 8-2/2013/आ.प्र. एक भोपाल दिनांक 04.01.2024 के प्रावधान अनुसार विशेष अभियान के तहत नि:शक्तजनों के लिये निम्नानुसार पदों की पूर्ति वॉक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से की जाना है। आवेदन पत्र इस पद हेतु निर्धारित योग्यता एवं अर्हता रखते हुये दर्शाये गये **विहित प्रारूप में विज्ञापन जारी होने की तिथि से दिनांक 25.06.2024 तक** कार्यालयीन समय 5:30 सायंकाल (अवकाश के दिनों को छोड़कर) कार्यालय मुख्य अभियंता (सेतु परिक्षेत्र) लोक निर्माण विभाग द्वितीय तल, निर्माण भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल पिनकोड नं.-462027 के नाम से प्रेषित करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा। डाक से हुए विलंब के लिये विभाग उत्तरदायी नहीं होगा। आवेदन का प्रारूप विभागीय वेबसाइट **mppwd.gov.in** पर उपलब्ध है। रिक्त पदों का विवरण, वेतनमान, निर्धारित योग्यता एवं वॉक-इन-इंटरव्यू के लिये निर्धारित तिथि की जानकारी निम्नानुसार है।

क्र.	पदनाम	पद की श्रेणी	वेतनमान	नि:शक्तजन के लिये आरक्षित रिक्तियों व प्रवर्ग एवं श्रेणीवार विवरण					निर्धारित योग्यता	वॉक-इन इंटरव्यू हेतु निर्धारित तिथि
				दृष्टिबाधित और कम दृष्टि हेतु स्वीकृत पद	बहरे ओर कम सुनने वाले हेतु स्वीकृत पद	लोकोमोटर डिसेबिलिटी जिसमें सम्मिलित है, सेरेबल, पाल्सी, कुष्ठ रोग मुक्त, एसिड अटैक पीड़ित, मस्कुलर डिस्ट्रफी हेतु स्वीकृत पद	ओटिज्म, बौद्धिक दिव्यांगता, स्पेसिफिक लर्निंग डिसेबिलिटी और मानसिक बीमारी और बहु विकलांगता हेतु स्वीकृत पद	योग		
1	स्टेनो टायपिस्ट	तृतीय श्रेणी	19500-62000 समय-समय पर देय अन्य भत्ता	1	-	-	-	1	1. म.प्र. बोर्ड (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण का प्रमाण पत्र। 2. मध्यप्रदेश शीघ्रलेखन तथा मुद्रलेखन परीक्षा बोर्ड या मध्यप्रदेश आई.टी.आई. से 80 शब्द प्रतिमिनिट से हिन्दी शीघ्रलेखन परीक्षा पास। 3. निम्नालिखित संस्थाओं में से किसी एक से, एक वर्षीय कम्प्यूटर डिप्लोमा/सर्टिफिकेट अनिवार्य किया गया है:- - यू.जी.सी. द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी विश्वविद्यालय से डिप्लोमा। या - यू.जी.सी. द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी मुक्त विश्वविद्यालय से डिप्लोमा। या - डी.ओ.ई.ए.सी.सी. से डिप्लोमा स्तर की परीक्षा। या - शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज से मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट कोर्स। या - शासकीय आई.टी.आई. द्वारा एक वर्षीय कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (COPA) प्रमाण-पत्र। 4. सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्र.-सी 3-15/2014/1/3 दिनांक 26.04.2015 अनुसार CPCT Score Card न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक के साथ धारित करना अनिवार्य होगा। 5. सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्र.-सी 3-07/2015/1/3 दिनांक 18.08.2015 अनुसार मान्यता प्राप्त संस्थाओं से कम्प्यूटर डिप्लोमा के अलावा निम्न अर्हतायें भी मान्य होंगी। - बी.ई. (सी.एस.ई./आई.टी.)/एम.सी.ए./बी.सी.ए./एम.एस.सी. (आई.टी./सी.एस.)/बी.एस.सी. (आई.टी./सी.एस.)/एम.टेक/एम.ई. इत्यादि। 6. बी.एस.सी./बी.कॉम. डिग्रियां जिनमें केवल कम्प्यूटर के एक विषयक का अध्यापन सम्मिलित है मान्य नहीं होगा।	दिनांक 02.07.2024 को समय 11:00 बजे से साक्षात्कार हेतु अपने मूल दस्तावेज के साथ उपस्थित होवें।
2	सहायक मानचित्र-कार (सिविल)	तृतीय श्रेणी	25300-80500 समय-समय पर देय अन्य भत्ता	-	1	-	-	1	I.T.I. से वस्तुकला में पत्रोपाधि (डिप्लोमा) सिविल में मानचित्र कला या (ड्राॅफ्टमैनशिप) में सर्वेक्षण का प्रमाण पत्र/सर्वेयर ट्रेड सर्टिफिकेट या व्यावसायिक इंडस्ट्रीयल कौंसिल ऑफ वोकेशनल ट्रेनिंग (3 वर्षीय) का शिशुक्षता प्रमाण-पत्र (Apprenticeship सर्टिफिकेट) या AutoCAD ज्ञान के साथ कम्प्यूटर साइंस में बी.एस.सी. उपाधि या I.T. एण्ड टी.ओ.- 1 स्तर का प्रमाण-पत्र।	दिनांक 03.07.2024 को समय 11:00 बजे से साक्षात्कार हेतु अपने मूल दस्तावेज के साथ उपस्थित होवें।
3	अनुरेखक (सिविल)	तृतीय श्रेणी	19500-62000 समय-समय पर देय अन्य भत्ता	1	1	1	1	4	मध्यप्रदेश माध्यामिक शाला मण्डल से ड्राइंग विषय के साथ (10+2) शिक्षा प्रणाली के अतंर्गत हाई स्कूल परीक्षा उत्तीर्ण या उसके समकक्ष कोई परीक्षा पास का प्रमाण-पत्र या राज्य सरकार द्वारा इससे निमित्त मान्यता प्राप्त किसी बोर्ड या संस्था का प्रमाण-पत्र या मान्यता प्राप्त किसी अन्य समतुल्य बोर्ड का उच्चतर माध्यमिक (तकनीकी) परीक्षा का प्रमाण-पत्र डी.ओ.ई.ए.सी.सी. या ओ स्तर का प्रमाण-पत्र AutoCAD का प्रमाण-पत्र।	दिनांक 05.07.2024 को समय 11:00 बजे से साक्षात्कार हेतु अपने मूल दस्तावेज के साथ उपस्थित होवें।
4	सहायक ग्रेड-3	तृतीय श्रेणी	19500-62000 समय-समय पर देय अन्य भत्ता	2	3	1	2	8	1. म.प्र. बोर्ड (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण का प्रमाण पत्र। 2. निम्नलिखित संस्थाओं में से किसी एक से, एक वर्षीय कम्प्यूटर डिप्लोमा/सर्टिफिकेट अनिवार्य किया गया है:- - यू.जी.सी. द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी विश्वविद्यालय से डिप्लोमा। या - यू.जी.सी. द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी मुक्त विश्वविद्यालय से डिप्लोमा। या - डी.ओ.ई.ए.सी.सी. से डिप्लोमा। या शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज से मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट कोर्स। या - शासकीय आई.टी.आई. द्वारा एक वर्षीय कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (COPA) प्रमाण-पत्र। 3. सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्र.-सी 3-15/2014/1/3 दिनांक 26.04.2015 अनुसार CPCT Score Card न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक के साथ धारित करना अनिवार्य होगा। 4. सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्र.-सी 3-07/2015/1/3 दिनांक 18.08.2015 अनुसार मान्यता प्राप्त संस्थाओं से कम्प्यूटर डिप्लोमा के अलावा निम्न अर्हतायें भी मान्य होंगी। - बी.ई. (सी.एस.ई./आई.टी.)/एम.सी.ए./बी.सी.ए./एम.एस.सी./(आई.टी./सी.एस.)/बी.एस.सी. (आई.टी./सी.एस.)/एम.टेक./एम.ई. इत्यादि। 5. बी.एस.सी./बी.कॉम. डिग्रीयां जिनमें केवल कम्प्यूटर के एक विषयक का अध्यापन सम्मिलित है मान्य नहीं होगा।	दिनांक 08.07.2024 एवं 09.07.2024 को समय 11:00 बजे से साक्षात्कार हेतु अपने मूल दस्तावेज के साथ उपस्थित होवें।

अन्य शर्तें :- 1. आवेदक का मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है। 2. समस्त प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा अथवा स्वयं सत्यापित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। 3. आवेदक की आयु न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष, आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को नियमानुसार 05 वर्ष की छूट का प्रावधान है। 4. आवेदक का म.प्र. में किसी भी रोज़गार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है। 5. विभाग में कार्यरत आवेदक कर्मचारी नियोजक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। 6. साक्षात्कार के समय सभी प्रमाण-पत्रों की मूल प्रतियां दिखाना अनिवार्य है। 7. नि:शक्तता का डिजीटल प्रमाण-पत्र संबधित जिले के शासकीय जिला चिकित्सालय में मेडिकल बोर्ड के द्वारा जारी किया गया ही मान्य होगा। 8. पिछड़ा वर्ग का डिजीटल जाति-प्रमाण-पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया ही मान्य होगा। 9. कोई भी उम्मीदवार जिसने विवाह के लिये निर्धारित की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, इस पद पर नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा। 10. जिस आवेदक को 02 से अधिक संतान है उनमें से एक का जन्म यदि 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात हुआ हो तब ऐसा आवेदक नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा। 11. नियुक्ति से संबंधित सभी अधिकार मुख्य अभियंता (सेतु परिक्षेत्र) लोक निर्माण विभाग भोपाल के पास सुरक्षित होंगे।

जी-11708/49712/2024 **मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण परिक्षेत्र, भोपाल**

जेल मुख्यालय, मध्यप्रदेश, भोपाल

क्रमांक 9040/प्रहरी-स्था./2024 **भोपाल, दिनांक : 11.06.2024**

जेल भर्ती परीक्षा, 2022 में सहायक जेल अधीक्षक एवं प्रहरी पद हेतु द्वितीय चरण के लिये योग्य घोषित किए गए अभ्यर्थियों के शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट आयोजन की सूचना

मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल द्वारा सहायक जेल अधीक्षक एवं प्रहरी भर्ती परीक्षा, 2022 के अंतर्गत **दिनांक 25 मई से 20 जून 2023 को** परीक्षा आयोजित की गई थी। उक्त परीक्षा का परिणाम दिनांक 14.03.2024 को मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा घोषित किया जा चुका है, जिसमें सहायक जेल अधीक्षक एवं प्रहरी पद हेतु द्वितीय चरण के लिये सफल उम्मीदवारों का शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट मोतीलाल नेहरू स्टेडियम, पुलिस परेड ग्राउण्ड, भोपाल में **दिनांक 02 जुलाई से 07 जुलाई, 2024 तक प्रातः 7:00 से दोपहर 2:00 बजे तक** आयोजित किया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

प्रहरी पद के लिए

क्र.	रोल नम्बर	शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट लेने की तिथि	शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट लिये जाने का स्थान	निर्धारित समय
01.	10001489 से 10124228 तक (कुल पात्र 500 अभ्यर्थी)	दिनांक 02 जुलाई, 2024	मोतीलाल नेहरू पुलिस स्टेडियम, भोपाल	प्रातः 7.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक
02.	10124234 से 10315678 तक (कुल पात्र 500 अभ्यर्थी)	दिनांक 03 जुलाई, 2024	मोतीलाल नेहरू पुलिस स्टेडियम, भोपाल	प्रातः 7.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक
03.	10315812 से 10520189 तक (कुल पात्र 500 अभ्यर्थी)	दिनांक 04 जुलाई, 2024	मोतीलाल नेहरू पुलिस स्टेडियम, भोपाल	प्रातः 7.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक
04.	10520482 से 10734897 तक (कुल पात्र 500 अभ्यर्थी)	दिनांक 05 जुलाई, 2024	मोतीलाल नेहरू पुलिस स्टेडियम, भोपाल	प्रातः 7.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक
05.	10734910 से 10861653 तक (कुल पात्र 264 अभ्यर्थी)	दिनांक 06 जुलाई, 2024	मोतीलाल नेहरू पुलिस स्टेडियम, भोपाल	प्रातः 7.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक

सहायक जेल अधीक्षक पद के लिए

क्र.	रोल नम्बर	शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट लेने की तिथि	शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट लिये जाने का स्थान	निर्धारित समय
01.	10000961 से 10838070 तक (कुल पात्र 414 अभ्यर्थी)	दिनांक 07 जुलाई, 2024	मोतीलाल नेहरू पुलिस स्टेडियम, भोपाल	प्रातः 7.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक

प्रत्येक अभ्यर्थी का बायोमेट्रिक सत्यापन आधार कार्ड/क्रमांक के आधार पर किया जाएगा। इस सूचना पत्र को शारीरिक प्रवीणता परीक्षा के समय साथ लाने के अतिरिक्त आप अपनी पहचान हेतु ड्रायविंग लायसेन्स, वोटर आई.डी. कार्ड, आधार कार्ड, पेन कार्ड, पासपोर्ट आदि में से कोई भी एक साथ लाना होगा। शासन द्वारा जारी किये गये मान्यता प्राप्त पहचान पत्र उपलब्ध न होने पर स्कूल/कॉलेज का नवीनतम पहचान पत्र भी मान्य किया जाएगा।

द्वितीय चरण हेतु पात्र घोषित किए गए अभ्यर्थी उपरोक्त पहचान पत्र के अतिरिक्त मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा अपलोड किए गए रिजल्ट, एडमिट कार्ड के साथ अपने मूल दस्तावेज, समस्त मूल दस्तावेजों की दो सेट छायाप्रति, दो छायाचित्र (फोटो) आदि एवं संलग्न प्रपत्र में जानकारी भरकर निर्धारित दिनांक एवं समय पर शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट हेतु मोतीलाल नेहरू स्टेडियम, पुलिस परेड ग्राउण्ड, भोपाल में उपस्थित हों। **(महानिदेशक, जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं द्वारा अनुमोदित)**

दूरभाष क्रमांक : 0755-2573518, 0755-2552348 **जी-11704/आर-49710/2024** **जेल उप महानिरीक्षक, मध्यप्रदेश, भोपाल**

फीफा विश्वकप क्वालिफायर से बाहर हुआ भारत

दोहा, भारतीय फुटबॉल टीम वर्ष 2026 में आयोजित होने वाले फीफा फुटबॉल विश्वकप से बाहर हो गई है। भारत को विश्वकप क्वालिफायर के दूसरे चरण में कतर के हाथों हार का सामना करना पड़ा। दोहा में खेले गए मुकाबले में कतर ने भारत को 2-1 से मात दी। भारतीय टीम ने मैच में शानदार शुरुआत की और पहले हाफ के 37वें मिनट में लालियांजुआला छांगते ने गोल कर भारत को बढ़त दिलाई। दूसरे हाफ में कतर की टीम ने जबरदस्त पलटवार किया। कतर के खिलाड़ियों ने छोटे-छोटे पास करते हुए बेहतरीन सामंजस्य दिखाया। इसका लाभ कतर की टीम को 73वें मिनट में मिला। कतर के यूसुफ ऐमेन ने गोल कर अपनी टीम को बराबरी पर ला दिया। मैच के अंतिम क्षणों में (85वें मिनट) अहमद अल-रावी ने शानदार गोल कर कतर को 2-1 से जीत दिलाई।

आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप-2024

भारत ने पाकिस्तान को 6 रन से हराया

न्यूयॉर्क, भारतीय क्रिकेट टीम ने एक बार फिर आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप में पाकिस्तान को करारी शिकस्त दी है। न्यूयॉर्क के नसाऊ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में खेले गए ग्रुप मैच में पाकिस्तान को 6 रन से हराया।

पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने टॉस गेंदबाजी की अनुकूल पिच पर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। मैच में भारत की शुरुआत खराब रही ओपनिंग बल्लेबाजी के लिए उतरे विराट कोहली असफल रहे और 4 रन बनाकर आउट हो गए, वहीं रोहित शर्मा भी 13 रन ही बना सके। इसके बाद ऋषभ पंत और अक्षर पटेल ने पारी को संभाला। पंत ने सबसे ज्यादा 42 रन बनाये वहीं अक्षर ने 20 रनों की पारी खेली। भारतीय टीम 19 ओवरों में 119 रन ही बना सकी।

कम स्कोर होने के बाद भी भारतीय गेंदबाजों ने सटीक गेंदबाजी कर पाकिस्तान

के बल्लेबाजों को खुलकर रन नहीं बनाने दिए। एक समय पाकिस्तान की टीम 3 विकेट पर 80 रन बनाकर मजबूत स्थिति में थी, तब जसप्रीत बुमराह ने मोहम्मद रिजवान (31) को आउट कर मैच का रुख बदल दिया। अर्शदीप सिंह, हार्दिक पंड्या, मोहम्मद सिराज और अक्षर पटेल ने भी शानदार गेंदबाजी करते हुए बुमराह का बखूबी साथ दिया। पाकिस्तान को आखिरी ओवर में जीत के लिए 18 रन चाहिए थे, लेकिन अर्शदीप ने महज 11 रन खर्च कर भारत को यादगार जीत दिलाई।

- **आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप में भारत और पाकिस्तान की यह आठवीं भिड़ंत थी।**
- **इनमें 7 बार भारत जीता है, वहीं पाकिस्तान सिर्फ एक बार ही जीत सका है।**

भारत ने सुपर-8 में बनाई जगह

भारतीय क्रिकेट टीम ने आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप में अपना विजयी अभियान जारी रखते हुए सुपर-8 राउंड में अपनी जगह पक्की कर ली है। विश्वकप में भारत ने मेजबान अमेरिका को 7 विकेट से हराया। मैच में अमेरिका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 110 रन बनाये। अमेरिका के लिए नितीश कुमार ने सबसे ज्यादा 27 रन बनाये। आसान लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही। विराट कोहली एक बार फिर असफल रहे, वहीं रोहित 3 और ऋषभ पंत 18 रन ही बना सके। इसके बाद सूर्यकुमार यादव (50) और शिवम दुबे (31) ने चौथे विकेट के लिए 67 रनों की साझेदारी कर भारत को 7 विकेट से जीत दिलाई।

अन्नू रानी ने स्ट्रासबर्ग मीट में जीता रजत पदक

स्ट्रासबर्ग, भारत की अनुभवी महिला एथलीट अन्नू रानी ने फ्रांस में आयोजित नेशनल डी स्ट्रासबर्ग एथेलेटिक्स मीट में महिलाओं की भालाफेंक स्पर्धा में रजत पदक जीता है। प्रतियोगिता के दौरान अन्नू ने अपने आखिरी प्रयास में 57.48 मीटर का थ्रो किया, जो उन्हें रजत पदक दिलाने के लिए पर्याप्त साबित हुआ। इस प्रतियोगिता में फ्रांस की एलिजी मिनार्ड ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। मिनार्ड ने 57.77 मीटर का थ्रो किया, वहीं उनकी हमवतन खिलाड़ी जेड मरावल ने 52.39 मीटर के थ्रो के साथ कांस्य पदक पर कब्जा जमाया।

गुलवीर ने पांच हजार मीटर दौड़ में बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

पोर्टलैंड, भारत के दिग्गज एथलीट और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता गुलवीर सिंह ने अमेरिका में आयोजित पोर्टलैंड ट्रैक फेस्टिवल हाई परफॉरमेंस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच हजार मीटर दौड़ में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित किया है। प्रतियोगिता में गुलवीर ने पांच हजार मीटर की दौड़ 13 मिनट 18.92 सेकेंड में पूरी कर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। इस रेस में गुलवीर दूसरे स्थान पर रहे। रेस में अमेरिका के डिलन जैकब्स ने पहला स्थान हासिल किया। गुलवीर से पहले यह रिकॉर्ड अविनाश साबले के नाम था।

नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन ने जीता नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट

स्टावेंजर, दुनिया के नंबर वन शतरंज खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने अपनी ख्याति के अनुरूप खेलते हुए नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया है। कार्लसन ने टूर्नामेंट में अमेरिका के हिकारू नाकामुरा और भारत के आर. प्रगानंदा को पछाड़कर खिताब पर कब्जा किया। कार्लसन ने टूर्नामेंट में 17.5 अंक हासिल कर अपने अभियान का समापन किया। उन्होंने टूर्नामेंट के प्रत्येक दौर में जीत दर्ज की, इनमें क्लासिकल टाइम कंट्रोल और आर्मेगेडोन दोनों शामिल हैं।

टूर्नामेंट में आर. प्रगाननंदा ने भी शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने टूर्नामेंट के आखिरी दौर में हिकारू नाकामुरा को मात देकर 14.5 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं नाकामुरा 15.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। इस टूर्नामेंट में प्रगाननंदा ने विश्व के शीर्ष तीन खिलाड़ियों को हराया। उन्होंने मैग्नस कार्लसन और फैबियानो कारूआना को क्लासिकल टाइम कंट्रोल में हराया जबकि अंतिम दौर में नाकामुरा को हराकर शीर्ष तीन खिलाड़ियों को हराने वाले पहले खिलाड़ी बन गए।

सरबजोत ने निशानेबाजी विश्वकप में जीता स्वर्ण पदक

म्युनिख, भारतीय निशानेबाज सरबजोत सिंह ने जर्मनी में आयोजित आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्वकप में स्वर्ण पदक जीता है। विश्वकप में सरबजोत ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में 242.7 अंक हासिल कर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। उन्होंने पूर्व चैम्पियन और चीन के निशानेबाज बू शूआई हांग को कड़े मुकाबले में हराया। स्पर्धा में जर्मनी के रोबिन वॉल्टर ने कांस्य पदक हासिल किया।

पावरलिफ्टर संदीप कौर पर लगा 10 वर्ष का प्रतिबंध

नई दिल्ली, राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी की डोपिंग निरोधक अनुशासन पैनल ने पावरलिफ्टर संदीप कौर पर डोपिंग के कारण 10 वर्ष का प्रतिबंध लगा दिया है। संदीप पर प्रतिबंधित दवाओं के इस्तेमाल के कारण यह प्रतिबंध लगाया गया है। डोपिंग निरोधक अनुशासन पैनल ने कहा कि संदीप पर डोपिंग के दूसरे अपराध के लिए आठ वर्ष तथा डोप सैंपल में कई प्रतिबंधात्मक पदार्थ पाए जाने के कारण 2 वर्ष का अतिरिक्त प्रतिबंध लगाया गया है।

यूएफसी फाइट जीतने वाली पहली भारतीय बनीं पूजा

केंटकी, मिक्स मार्शल आर्ट्स में द साइक्लोन के नाम से प्रसिद्ध भारत की महिला खिलाड़ी पूजा तोमर ने अल्टीमेट फाइटिंग चैम्पियनशिप (यूएफसी) में इतिहास रच दिया है। पूजा यूएफसी में फाइटर के रूप में पदार्पण करते हुए जीत दर्ज करने वाली पहली भारतीय महिला फाइटर बन गई हैं। पूजा से पहले अंशुल जुबली और भरत कंडारे ने भी यूएफसी में भारत का प्रतिनिधित्व किया है, लेकिन वे अपना पहला मैच जीत नहीं पाए थे।

यूएफसी में महिलाओं की 52 किलोग्राम वर्ग में अपने पहले मुकाबले में पूजा का सामना ब्राजील की रेयाना डोस सांतोस से हुआ। पूजा ने तीन राउंड तक चले मुकाबले में सांतोस को 30-27, 27-30 और 29-28 से हराया। मैच में सांतोस ने अपनी ऊंचाई का फायदा उठाने की कोशिश की, लेकिन पूजा ने दमदार खेल दिखाया और सांतोस के सभी दांव-पेंच को नाकाम करते हुए शानदार जीत दर्ज की।

मैच जीतने के बाद पूजा ने कहा कि यह जीत सिर्फ मेरी नहीं, बल्कि पूरे देश की है। इससे पहले लोग सोचते थे कि भारतीय फाइटर यूएफसी में फाइट नहीं जीत सकते लेकिन मुझे खुद पर पूरा भरोसा था कि मैं जीत हासिल कर सकती हूं।

- **मिक्स मार्शल आर्ट्स फाइटर बनने से पहले पूजा वुशु खिलाड़ी थीं।**
- **पूजा वुशु खेल में पांच बार राष्ट्रीय चैम्पियन भी रह चुकी हैं।**
- **इसके अलावा उन्हें कराते और ताइक्वांडो खेल में भी हासिल है महारत।**

भारत का घरेलू क्रिकेट सत्र सितंबर में होगा शुरू

नई दिल्ली, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आगामी 2024-25 के घरेलू सत्र के लिए पुरुष एवं महिला क्रिकेट का शेड्यूल जारी कर दिया। बीसीसीआई ने बताया कि पुरुष क्रिकेट के घरेलू सत्र की शुरुआत दलीप ट्रॉफी से होगी, यह टूर्नामेंट 5 सितंबर से शुरू होगा। जबकि महिला क्रिकेट का घरेलू सत्र 17 अक्टूबर से सीनियर ट्वेंटी-20 ट्रॉफी के साथ शुरू होगा। इस सत्र में रणजी ट्रॉफी का आयोजन नए बदलाव के साथ दो चरणों में होगा। रणजी ट्रॉफी का पहला चरण अक्टूबर से शुरू होगा, जिसमें लीग मैच खेले जाएंगे, वहीं दूसरा चरण फरवरी से शुरू होगा जिसमें नॉकआउट मुकाबले खेले जाएंगे।

फ्रेंच ओपन

अलकराज ने पहली बार जीता खिताब

पेरिस, स्पेन के युवा खिलाड़ी कार्लोस अलकराज ने फ्रेंच ओपन ग्रैंडस्लैम का खिताब अपने नाम किया है। अलकराज ने टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव को पांच सेट तक चले कड़े मुकाबले में 6-3, 2-6, 5-7, 6-1, 6-2 मात दी।

फ्रेंच ओपन में वर्ष 2004 के बाद यह पहला अवसर है जब राफेल नडाल, रोजर फेडरर और नोवाक जोकोविच में से कोई भी फाइनल नहीं खेल रहा था। अलकराज और ज्वेरेव दोनों खिलाड़ी पहली बार फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंचे थे। पहले सेट में अलकराज ने शानदार प्रदर्शन किया और अपनी तेज सर्विस से ज्वेरेव को 6-3 से मात दी। दूसरे सेट में ज्वेरेव ने जबरदस्त वापसी की और अलकराज को संभलने का मौका नहीं दिया। तीसरे सेट में दोनों खिलाड़ियों



ने दमदार खेल दिखाया लेकिन ज्वेरेव 7-5 के नजदीकी अंतर से तीसरा सेट जीतने में कामयाब रहे। तीन सेट के बाद 2-1 से पीछे चल रहे अलकराज ने अंतिम दो सेटों में बेहतरीन खेल दिखाया। उन्होंने अंतिम दोनों सेट 6-1 और 6-2 के अंतर से जीते।

महिला वर्ग में स्वितेक बनीं चैम्पियन

पोलैंड की दिग्गज टेनिस खिलाड़ी ईगा स्वितेक फ्रेंच ओपन में अपना खिताब बरकरार रखने में कामयाब रहीं। स्वितेक ने महिला एकल वर्ग के फाइनल में इटली की जैस्मिन पाओलिनी को आसान मुकाबले में 6-2, 6-1 से हराया। स्वितेक ने लगातार तीसरी और कुल चौथी बार यह खिताब जीता है। इससे पहले वह वर्ष 2020, 2022 और 2023 में भी यह खिताब जीत चुकी हैं। इगा स्वितेक मौजूदा समय में विश्व की नंबर वन महिला टेनिस खिलाड़ी हैं।

- **कार्लोस अलकराज का क्ले कोर्ट पर यह पहला ग्रैंडस्लैम खिताब है।**
- **वह टेनिस की तीनों सतहों (क्ले कोर्ट, ग्रास कोर्ट और हार्ड कोर्ट) पर ग्रैंडस्लैम जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं।**
- **उन्होंने वर्ष 2022 में हार्ड कोर्ट पर यूएस ओपन और वर्ष 2023 में ग्रास कोर्ट पर विम्बलडन खिताब जीते थे।**

कनाडियन ग्रांप्री

वर्स्टापेन ने जीती छठवीं रेस

मॉन्ट्रियल, नीदरलैंड्स के दिग्गज कार रेसर मैक्स वर्स्टापेन ने एक बार फिर फॉर्मूला-वन सर्किट पर दमदार प्रदर्शन किया है। वर्स्टापेन ने कनाडा के मॉन्ट्रियल में आयोजित कनाडियन ग्रांप्री रेस को जीत लिया है। यह वर्स्टापेन के फॉर्मूला-वन कॅरियर की 60वीं जीत है। 70 लैप की इस रेस को वर्स्टापेन ने एक घंटा 45 मिनट और 47.927 सेकेंड में पूरा कर पहला स्थान हासिल किया। रेस में लेंडो नॉरिस ने वर्स्टापेन को जबरदस्त टक्कर दी, लेकिन वह वर्स्टापेन को पछाड़ नहीं सके। रेस में जॉर्ज रसेल तीसरे, लुईस हैमिल्टन चौथे और ऑस्कर पिएस्त्री पांचवें स्थान पर रहे।

मौजूदा फॉर्मूला-वन विश्व चैम्पियन मैक्स वर्स्टापेन का इस सत्र में भी प्रदर्शन लाजवाब रहा है। इस सत्र में अब तक 9 रेस आयोजित की गई हैं। इनमें से 6 रेस

वर्स्टापेन ने जीती हैं।

- **मैक्स वर्स्टापेन ने लगातार तीसरी बार जीती है कनाडियन ग्रांप्री रेस।**
- **वर्स्टापेन इससे पहले वर्ष 2022 और 2023 में भी जीत चुके हैं यह रेस।**
- **वर्स्टापेन ने वर्ष 2021, 2022 और 2023 में जीती है फॉर्मूला-वन चैम्पियनशिप।**

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

राष्ट्रपति ने दिलाई प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी सहित मंत्रिमंडल के सदस्यों को शपथ

राष्ट्रपति भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में श्री नरेन्द्र मोदी ने लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली।

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने प्रधानमंत्री और उनके मंत्रिमंडलीय सहयोगियों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा मैं 140 करोड़ देशवासियों की सेवा करने तथा देश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए मंत्रिपरिषद के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 3 करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण एवं शहरी घरों का निर्णय हमारे देश की आवास संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने और प्रत्येक नागरिक के लिए बेहतर गुणवत्ता वाला जीवन सुनिश्चित करने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

मंत्रिपरिषद के सदस्यों के बीच विभागों का आवंटन

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी		प्रधानमंत्री तथा निम्न मंत्रालयों के प्रभारी: कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, परमाणु ऊर्जा विभाग, अंतरिक्ष विभाग, सभी महत्वपूर्ण नीतिगत मुद्दे, और अन्य सभी विभाग, जो किसी मंत्री को आवंटित नहीं किए गए हैं।
	कैबिनेट मंत्री	
1.	श्री राजनाथ सिंह	रक्षा मंत्री
2.	श्री अमित शाह	गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री।
3.	श्री नितिन जयराम गडकरी	सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री।
4.	श्री जगत प्रकाश नड्डा	स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री तथा रसायन और उर्वरक मंत्री।
5.	श्री शिवराज सिंह चौहान	कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री और ग्रामीण विकास मंत्री।
6.	श्रीमती निर्मला सीतारमण	वित्त मंत्री और कॉर्पोरेट कार्य मंत्री।
7.	डॉ. सुब्रह्मण्यम जयशंकर	विदेश मंत्री।
8.	श्री मनोहर लाल खट्टर	आवासन और शहरी कार्य मंत्री तथा ऊर्जा मंत्री।
9.	श्री एच. डी. कुमारस्वामी	भारी उद्योग मंत्री और इस्पात मंत्री।
10	श्री पीयूष गोयल	वाणिज्य और उद्योग मंत्री।
11.	श्री धर्मेंद्र प्रधान	शिक्षा मंत्री।
12.	श्री जीतन राम मांझी	सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री।
13.	श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह	पंचायती राज मंत्री, तथा मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री।
14.	श्री सर्बानंद सोनोवाल	पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री।
15.	डॉ. वीरेंद्र कुमार	सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री।
16.	श्री किंजरापु राममोहन नायडू	नागर विमानन मंत्री।
17.	श्री प्रल्हाद जोशी	उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री।
18.	श्री जुएल ओराम	जनजातीय कार्य मंत्री।
19.	श्री गिरिराज सिंह	वस्त्र मंत्री।
20.	श्री अश्विनी वैष्णव	रेल मंत्री, सूचना एवं प्रसारण मंत्री तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री।
21.	श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया	संचार मंत्री तथा पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री।
22.	श्री भूपेंद्र यादव	पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री।
23.	श्री गजेंद्र सिंह शेखावत	संस्कृति मंत्री तथा पर्यटन मंत्री।
24.	श्रीमती अन्नपूर्णा देवी	महिला एवं बाल विकास मंत्री
25.	श्री किरेन रिजि	संसदीय कार्य मंत्री तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्री।
26.	श्री हरदीप सिंह पुरी	पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री
27.	डॉ. मनसुख मांडविया	श्रम एवं रोज़गार मंत्री तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री।
28.	श्री जी. किशन रेड्डी	कोयला मंत्री तथा खान मंत्री।
29.	श्री चिराग पासवान	खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री।
30.	श्री सी. आर. पाटिल	जल शक्ति मंत्री।
	राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)	
1.	श्री राव इंद्रजीत सिंह	सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), योजना मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और संस्कृति मंत्रालय के राज्य मंत्री।
2.	जितेंद्र सिंह	विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री, परमाणु ऊर्जा विभाग में राज्य मंत्री और अंतरिक्ष विभाग में राज्य मंत्री।
3.	श्री अर्जुन राम मेघवाल	विधि एवं न्याय मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री।
4.	श्री जाधव प्रतापराव गणपतराव	आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री।
5.	श्री जयंत चौधरी	कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री।
	राज्य मंत्री	
1.	श्री जितिन प्रसाद	वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री।
2.	श्री श्रीपद येसो नाईक	विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री और नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय में राज्य मंत्री।
3.	श्री पंकज चौधरी	वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री।
4.	श्री कृष्ण पाल	सहकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री।
5.	श्री रामदास अठावले	सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री।
6.	श्री रामनाथ ठाकुर	कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री।
7.	श्री नित्यानन्द राय	गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री।
8.	श्रीमती अनुप्रिया पटेल	स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण में राज्य मंत्री और रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय में राज्यमंत्री।
9.	श्री वी. सोमन्ना	जल शक्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री और रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री।
10.	डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी	ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री और संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री।
11.	प्रोफेसर एस.पी. सिंह बघेल	मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय में राज्य मंत्री और पंचायती राज मंत्रालय में राज्य मंत्री।
12.	सुश्री शोभा करंदलाजे	सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री और श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय में राज्य मंत्री।
13.	श्री कीर्तिवर्धन सिंह	पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में राज्य मंत्री और विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री।
14.	श्री बी.एल. वर्मा	उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री।
15.	श्री शान्तनु ठाकुर	पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री।
16.	श्री सुरेश गोपी	पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री और पर्यटन मंत्रालय में राज्य मंत्री।
17.	डॉ. एल. मुरुगन	सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री।
18.	श्री अजय टम्टा	सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री।
19.	श्री बंदी संजय कुमार	गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री।
20.	श्री कमलेश पासवान	ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री।
21.	श्री भागीरथ चौधरी	कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री।
22.	श्री सतीश चंद्र दुबे	कोयला मंत्रालय में राज्य मंत्री और खान मंत्रालय में राज्य मंत्री।
23.	श्री संजय सेठ	रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री।
24.	श्री रवनीत सिंह	खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री और रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री।
25.	श्री दुर्गादास उइके	जनजातीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री।
26.	श्रीमती खडसे रक्षा निखिल	युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय में राज्य मंत्री।
27.	श्री सुकांता मजूमदार	शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री और उत्तर- पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री।
28.	श्रीमती सावित्री ठाकुर	महिला एवं बाल विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री।
29.	श्री तोखन साहू	आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री।
30.	श्री राज भूषण चौधरी	जल शक्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री।
31.	श्री भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा	भारी उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री और इस्पात मंत्रालय में राज्य मंत्री।
32.	श्री हर्ष मल्होत्रा	कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री।
33.	श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया	उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्यमंत्री।
34.	श्री मुरलीधर मोहोल	सहकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री और नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री।
35.	श्री जॉर्ज कुरियन	अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय में राज्य मंत्री।
36.	श्री पबित्रा मार्गेरिटा	विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री और वस्त्र मंत्रालय में राज्य मंत्री।

ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों का दो दिवसीय सम्मेलन संपन्न

ब्रिक्स सम्मेलन में विदेश मंत्रियों की बैठक में आतंक पर शून्य सहिष्णुता का आह्वान

ब्रिक्स देशों के समूह के विदेश मंत्रियों ने आतंक पर शून्य सहिष्णुता का आह्वान करते हुए इसकी निंदा की। इस दौरान सीमा पार आतंकवाद और इसके सभी रूपों से लड़ने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि भी की गई। बैठक में आतंकवाद के वित्तपोषण और सुरक्षित पनाहगाहों को भी समाप्त करने के उपाय तेज करने का भी फैसला किया गया। ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों का दो दिवसीय सम्मेलन रूस के निझनी नोवगोरोद में संपन्न हुआ। इसमें 10 सदस्य ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, ईरान, यूएई, सऊदी अरब और इथियोपिया शामिल हुए। विदेश मंत्रालय में सचिव (आर्थिक संबंध) दम्मू रवि ने बैठक में भारत का नेतृत्व किया। ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों ने आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए दोहरे मानकों को खारिज कर दिया। उन्होंने आतंक से लड़ने में देशों और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की जिम्मेदारी तय करने व उससे निपटने के लिए प्रयासों पर जोर दिया। सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों ने जोर दिया कि आतंकवाद को किसी भी धर्म, राष्ट्रीयता, सभ्यता या जातीय समूह से नहीं जोड़ा जाना चाहिए और आतंकवादी गतिविधियों और उनके समर्थन में शामिल सभी लोगों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार इसके जिम्मेदार लोगों को कानून के शिकंजे में लाया जाना चाहिए।

कन्वेंशन को अंतिम रूप देने का आह्वान

नेताओं ने ब्रिक्स आतंकवाद रोधी कार्य समूह, ब्रिक्स आतंक रोधी रणनीति और ब्रिक्स आतंक रोधी कार्य योजना पर आधारित उसके पांच उपसमूहों की गतिविधियों एवं कार्रवाइयों का स्वागत किया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र ढांचे के तहत अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद पर व्यापक कन्वेंशन को शीघ्र अंतिम रूप देने और अपनाने का आह्वान किया।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी- मध्यप्रदेश माध्यम, प्रकाशक- संदीप यादव, मुद्रक- संदीप यादव द्वारा मेसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, 10-11, सेक्टर-B, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित एवं मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- रंजना चितले।